CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 320 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल देव अग्रवाल पेज 2



जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी हराया, ग्रुप स्टेज के चारों मैच जीते खेल टाइम्स



एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु सम्पादकीय



ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका! पेज 12

## दूसरा रोज़ा

### रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।

# चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का ऐलान

## भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत, एआई समिट में बोले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है।

पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक एआई हब के रूप में उभर रहा है। पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक –शेष पृष्ठ दो पर



### अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे: मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली।** एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। एआई कई क्षेत्रों में नए दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स



**नई दिल्ली।** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में वैश्विक तकनीकी हस्तियों की भागीदारी के बीच माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अपना निर्धारित मुख्य भाषण रद्द कर दिया है। गेट्स फाउंडेशन ने एक्स पर जानकारी दी है कि समिट में उनके स्थान पर फाउंडेशन के अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करेंगे और संबोधन देंगे। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब हाल में जारी दस्तावेजों में दिवंगत अमेरिकी वित्तीय कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से गेट्स के कथित जुड़े होने के संबंध में ईमेल संवाद उजागर हुआ है।

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फार्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी ऑथेंटिसिटी लेबल होना चाहिए, ताकि फर्क पता चल सके।

समिट को गुरुवार को नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।

> ■ **एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया**




# फ्री खाना मिलेगा, तो लोग काम क्यों करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा: मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत खत्म हो जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी, तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा, तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आसपास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे, तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा। हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं, यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

**फ्रीबीज कल्चर को लेकर शीर्ष अदालत ने कहा लोगों को रोजगार दें सरकारें**



### पांच मई से सीएए मामले में अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 200 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 5 मई से शुरू होगी।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय दिया जाएगा। अदालत ने बताया कि सुनवाई 12 मई तक पूरी कर ली जाएगी इनमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की याचिका भी शामिल है।

> ■ **याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय मिलेगा**

# उत्तराखंड हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**उच्च न्यायालय को त्वरित खाली कराया गया | जांच पड़ताल में कुछ भी नहीं मिला संदिग्ध**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** उत्तराखंड के विभिन्न अदालतों में आरडीएक्स रखे होने के धमकी भरे मेल पिछले तीन-चार दिन से लगातार मिल रहे हैं। गुरुवार को इसी तरह का एक मेल उत्तराखंड हाईकोर्ट भी पहुंचा, जिसमें कोर्ट परिसर को खाली करने अल्टीमेटम दिया गया था, साथ ही दोपहर के समय विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई। इस धमकी के कारण गुरुवार को पूर्वान्ह में कोर्ट का कामकाज रोकना पड़ा।

बता दें कि गुरुवार की पूर्वान्ह में इस मेल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी-कर्मचारी समेत बम निरोधक दस्ते समेत डॉग स्क्वाड आदि के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कोर्ट रूम खाली कराए गए और हाईकोर्ट के सभी प्रमुख गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हाईकोर्ट में प्रवेश कर रहे लोगों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता बार सभागार के बाहर व मंदिर के सामने प्रांगण में जमा रहे। डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ते ने सभी कोर्ट सहित रजिस्ट्री ऑफिस व अन्य अनुभागों का गहन छानबीन की लेकिन छानबीन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने इस धमकी के बाद हाईकोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने पैवेलियन होटल से गेट नंबर 7 तक सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने को कहा, ताकि आपातकालीन स्थिति में सड़क में आवागमन सामान्य हो, उनके साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी तथा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिवक्ता भी शामिल थे। हाईकोर्ट में बलास्ट किये जाने का धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद हाईकोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



### आईजी दिखीं एक्टिव मोड में

**नैनीताल।** आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि हाईकोर्ट में धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वाड द्वारा की गई गहन छानबीन ने कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

हाईकोर्ट में स्थानीय पुलिस के साथ ही एसटीएस तथा पीएसी तैनात की गई है। अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के धमकी भरे मेल पिछले कई दिनों से नैनीताल जिले के अलावा अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़, चंपावत, उत्तरकाशी, देहरादून व हरिद्वार में भी आए हैं। बताया कि सभी ईमेल पर विधित कार्यवाही चल रही है और एसटीएफ की टीम आईपी एड्रेस ट्रेस करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किए हुए है, जिसमें अब तक मिले तथ्यों में ये मेल विदेशों से भी आई हैं, जिनका गहनता से परीक्षण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सहित 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने उत्तराखंड, दिल्ली समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों मेंएसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश मे एसआईआर किया जाएगा।

### कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने कुलदीप सिंह सेंगर समेत दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस का दावा: राहुल गांधी को मिली गोली मारने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक गोडसे फैक्ट्री है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं, जब तक उनके फालोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा कि मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता हूं। पुलिस के पकड़ने पर आमेरा ने हाथ जोड़कर कहा कि मुझे वीडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वीडियो में खुद को करणी सेना का बताते हुए शख्स ने संसद में ओम बिरला के चैंबर में हुई घटना का जिक्र किया। शख्स की पहचान राज आमेरा के रूप में हुई है। वह कोटा के उद्योग नगर का है। करणी सेना का संभागीय प्रवक्ता है। करीब 3 दिन पहले ही प्रवक्ता बनाया गया है। राज आमेरा ने कहा कि ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के 25 सांसदों ने जो बदतमीजी की है। वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सब के पीछे राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। मैं चेतावनी देता हूं अगर दोबारा ऐसी घटना हुई तो उन 25 सांसदो के घर में तोड़फोड़ करेंगे और राहुल गांधी सुन लें उनके घर में घुसकर गोली मारेंगे। इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। मेरी मांग है कि उन 25 सांसदों पर कार्रवाई हो। मोदी सरकार में मंत्री किरेन रिजिजू को जो बयान सामने आया, उसे सुनने के बाद हम लोग काफी गुस्से में हैं। मेरी इस धमकी के बाद अगर मुझे जेल हो जाए, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। पवन खेड़ा ने धमकी वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि पहले किरेन रिजिजु ने झूठ बोला। उन्होंने देश को गुमराह किया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में ओम बिरला का अपमान किया। फिर भाजपा सांसदों ने यह दोहराना शुरू किया कि राहुल गांधी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।



> ■ **पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया**
> ■ **आरोपी कोटा राजस्थान से पकड़ा गया**

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है। यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक राकेट स्लेड सुविधा में किया गया।

> ■ **डीआरडीओ ने ज्यादा लोड डालकर किया चेक, ये एस्ट्रोनाट्स की धरती पर वापसी में जरूरी**

## संक्षिप्त समाचार

### दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने की संघ प्रमुख भागवत से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी अलग-अलग मुलाकात की। हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक फेरबदल की चर्चाओं के बीच इन मुलाकातों ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार संघ प्रमुख ने गुरुवार सुबह दोनों नेताओं से करीब 10-10 मिनट तक अलग-अलग मुलाकात की। इससे पहले बुधवार रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में पहुंचकर संघ प्रमुख से भेंट की।

### मैच में मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की जान गई

**उन्नाव।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ अंपायर मानिक गुप्ता की क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई। मानिक गुप्ता केडीएम लीग के मुकाबले में अंपायरिंग कर रहे थे। क्रिकेट मैच के दौरान मधुक्खियों के एक झुंड ने अंपायर और खिलाड़ियों को पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से चपेट में आए कई अन्य खिलाड़ियों के घायल होने की खबर हैं। उन्नाव जिले में शुक्लागंज मे स्थित सप्रू मैदान पर क्रिकेट का लीग मैच खेला जा रहा था। मैच के दौरान ही अचानक मधुमक्खियों के एक झुंड ने हमला कर दिया। सफेद कपड़ों में होने के कारण मधुमक्खियों ने अंपायर मानिक गुप्ता और जगदीश शर्मा को सबसे ज्यादा निशाना बनाया।

### विपक्ष ने भर्ती, आईटीआई और निवेश नीति पर योगी सरकार को घेरा

# भर्तियों में बड़े स्तर पर किया गया भ्रष्टाचार

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ युवाओं और किसानों को लगातार किया जा रहा गुमराह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को भर्ती प्रक्रिया, आईटीआई संचालन और निवेश नीति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम सिंह यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना था कि युवाओं और किसानों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को बाबा साहेब के संविधान पर भरोसा नहीं है और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने प्रदेश में आईटीआई संचालन को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आईटीआई को चलाने के लिए अपनाए गए पीपीपी मॉडल के कारण गरीब छात्रों पर महंगी फीस का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी। आराधना मिश्रा ने यह भी कहा कि कई जिलों में आईटीआई भवन बनकर तैयार हैं, लेकिन उनका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इससे विद्यार्थियों को कक्षाओं के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि जहां संस्थान संचालित नहीं हो रहे हैं, वहां शीघ्र ही स्टाफ की भर्ती कर उन्हें चालू किया जाएगा। निवेश से जुड़े सवालों पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए सरकार ने 32 से अधिक औद्योगिक नीतियां बनाई हैं। इन नीतियों के तहत निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है और पिछड़े जिलों विशेषकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड को प्राथमिकता दी गई है।

### छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं: ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के दौरान गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा सरकारों ने प्रदेश को 'बीमारू' बनाकर रखा था। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्रदेश में प्रति व्यक्ति बिजली खपत 724 यूनिट तक पहुंच गई है, जो अब तक का उच्च स्तर है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब लगातार छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं की गई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब गरीब उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई। साथ ही किसानों के बिजली बिल भी माफ किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के सभी निर्णय जनता, विशेषकर पिछड़े वर्गों और पिछड़े क्षेत्रों के विद्युतीकरण को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं।

## कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रतियोगी परीक्षाओं से ही होती है नियुक्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक तीन माह पर मंडल स्तरीय रोजगार मेले आयोजित होते हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पांच बड़े रोजगार मेलों के आयोजन की भी योजना है, जिनमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## गाय को राज्य माता के दर्जे पर सीएम मौन: शंकराचार्य

वाराणसी, वार्ता



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को कहा कि 'गाय को राज्य माता घोषित करने' और 'गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध' की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है।

विद्यामठ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी। शंकराचार्य ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा बटुकों के सम्मान से संबंधित टिप्पणी पर कहा कि ष्यह उनकी व्यक्तिगत भावना हो सकती है। बटुकों पर बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रयागराज की एक घटना को लेकर दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बयानों के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वे क्यों बोल रहे हैं और क्या कह रहे हैं, यह वही बेहतर जानते हैं। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं।

## एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए नए मौके खोले

नई दिल्ली, वार्ता

■ शी लीड्स भारत से बढ़ रही महिलाओं की आय

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में जारी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में इस बात पर जोर दिया गया है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अलग-अलग क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

इस समिट में दिखाया गया कि कैसे एआई के माध्यम से विभिन्न प्रकार की पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता की नई परिभाषा दे रही हैं, जिससे उन्हें भाषा, बाजार पहुंच और सीमित संसाधनों जैसी रुकावटों को दूर करने में मदद मिल रही है। इस संदर्भ में 'शी लीड्स भारत' संगठन उन ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है जो छोटे कारोबार चलाती हैं, इसके लिए वह उन्हें ढांचागत प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहायता दे रहा है। यह संगठन महिला उद्यमियों को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'मेरी सहेली ऐप' पर ऑनबोर्ड कर सहायता प्रदान करता है, जहां उन्हें बेहतर कीमत, बेहतर मार्जिन और ऐसी सेवाओं तक पहुंच मिलती है जो गांव के स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान पेश करती हैं। 'शी लीड्स भारत' अभी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात समेत पांच राज्यों में सक्रिय है और इसके पास 40,000 महिला उद्यमियों का नेटवर्क है, जिन्हें 'सहेली' के नाम से जाना जाता है। इस पहल से महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण एंटरप्राइजेज को मजबूत करने और एआई के जिम्मेदार और प्रयोगात्मक इस्तेमाल से समावेशी प्रगति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शी लीड्स भारत पहल से जुड़ी रुचि सिंह से बात की है जो वाराणसी जिले के सेवापुरी ब्लॉक के नवाहनीपुर गांव के अग्रणी बाजार की सहेली भी हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। रुचि एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सक्रिय सदस्य भी हैं जो समुदाय उन्मुख उद्यमिता में उनके गहरे जुड़ाव को दिखाता है। अपने इस सफर में, रुचि डिजिटल उपकरण के कम इस्तेमाल से आगे बढ़कर अपने काम में स्मार्टफोन और एआई सक्षम प्लेटफॉर्म का आत्मविश्वास से इस्तेमाल करने लगी हैं। वह अपने गांव की दूसरी महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल बन गई हैं, जो अब सलाह और प्रेरणा के लिए उनसे उम्मीद करती हैं।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि प्रस्तावित

**लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 18 फरवरी को जारी पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को अवगत कराया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में इन दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित योजना तैयार कर ली गई है। योगी आधिकारिक प्रस्तावित जापान और सिंगापुर यात्रा के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने सेक्टर-5ए और सेक्टर-7 को इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण की महायोजना के अंतर्गत सेक्टर-7 और सेक्टर-5ए मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नियोजित हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक उपयोग न्यूनतम 70 प्रतिशत निर्धारित है। इसके साथ ही आवासीय उपयोग अधिकतम 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग अधिकतम 13 प्रतिशत तथा संस्थागत सुविधाएं न्यूनतम 5 प्रतिशत तक निर्धारित हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82498.14
निफ्टी 25454.35



सोना रु. 156900
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 248297
प्रति किलो



## अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 1,236 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेज गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,236.11 अंक (1.48 प्रतिशत) गिरकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 365 अंक यानी 1.41 प्रतिशत लुढ़ककर 25,454.35 अंक पर बंद हुआ।

चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत उतर गया। ईरान के आसपास अमेरिका के सैन्य तैनाती बढ़ाने की खबरों से यूरोपीय बाजारों के साथ घरेलू बाजार में भी निवेश धारना प्रभावित हुई है। ऑटो, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी, धातु और तेल एवं गैस समूहों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में रहीं। इंडिगो का शेयर करीब सवा तीन फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा का लगभग तीन फीसदी नीचे बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बीईएल, अडानी पोर्ट्स, क्वालिटी वॉल, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिद्रा और आईटीसी के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक गिर गए। इटरनल, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एलएंडटी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा और टीसीएस में भी गिरावट रही।

### सोना 1.56 लाख के पार, चांदी 4,000 से ज्यादा महंगी

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में गुरुवार को बार फिर सोने-चांदी की कीमतों में चमक देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज शुरुआती कारोबार में ही सोना-चांदी हरे निशान में ट्रेड कर रहे थे। वैश्विक संकेतों और घरेलू मांग के बीच आज सोना और चांदी दोनों ही बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। 2 अप्रैल 2026 की एक्सपायरी वाला सोना 1,139.00 (0.73 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 1,56,900.00 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में भी आज अच्छी तेजी है। 5 मार्च 2026 की एक्सपायरी वाली चांदी 4,029.00 (1.65 प्रतिशत) के रिकॉर्ड उछाल के साथ 2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। जानकारों के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर पड़ सकता है। तनाव बढ़ने पर सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ सकती है और सोने-चांदी के भाव चढ़ सकते हैं। चांदी की कीमतों में आई तेजी ने निवेशकों को हैरान कर दिया है, लेकिन भारी उछाल के बावजूद चांदी अपने रिकॉर्ड स्तर से अब भी काफी दूर है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है।

## चावल, दालें मजबूत, गेहूं, चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों में भी तेजी रही। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 10 रुपये घटकर 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा भी नौ रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 12 रुपये और मसूर दाल 10 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और उड़द दाल का चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 101 रिंगिट बढ़कर 4,117 रिंगिट प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.52 प्रतिशत की वृद्धि में 0.52 प्रतिशत की बढ़त में 59.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल के दाम 49 रुपये और सूरजमुखी तेल के 15 रुपये कम हुए। सरसों तेल भी 13 रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 13 रुपये और वनस्पति की 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी चार रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7799.76 रुपये, मसूर काली 8110.59 रुपये, मूंग दाल 10148.45 रुपये, उड़द दाल 10692.65 रुपये, तुअर दाल 11119.02 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था: राजनाथ

**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया और कहा है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ आफ द सी एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चेन्नई में....** एआई हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में एआई क्षमताओं का विस्तार होगा। समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को एआई खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर आप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है। पिचाई ने स्वीकार किया कि एआई कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल यू-ट्यूब क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 'लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और एआई के जरिये वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सच से बहुत डरते हैं मोदी और भाजपा दोनों: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी सच से बहुत डरते हैं इसलिए उनकी पोल खोलते कई एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटा दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी एआई पर बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन असल में वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से थरथर कांपते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 6 हफ्तों में कांग्रेस के एआई से बने 9 वीडियो देश के प्रधानमंत्री उनके नेतृत्व वाली केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने डिलीट करवाए हैं। मैं साफ कर दूं कि ये सभी वीडियो क़ानून के तहत बने थे, जिनमें एआई डिस्क्लेमर थे। सभी वीडियो के पूरी अवधि में एआई सृजित लिखा था-जो दिखाता है कि हमने किसी को गुमराह करने की कोशिश नहीं की, लेकिन भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी सच से इतना डरते हैं कि वो सच के 'नाट्य रूपांतरण' से भी खौफ खाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे मोदी ने जनरल नरवणे और सेना को यह कहकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया- जो उचित समझो, वही करो। कैसे उन्होंने राष्ट्र हित की अनदेखी करते हुए, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे मोदी, एप्स्टीन की सलाह पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने में जुट गए और उन्होंने फिर कैसे अमेरिका के इशारे पर रूस से तेल खरीदना बंद किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे श्री मोदी ने अमेरिका के किसानों को फायदा पहुंचाया और भारत के किसानों के हक की बलि चढ़ा दी और कैसे उन्होंने उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में कसते कानूनी शिकंजे से बौखलाकर ट्रम्प के आगे सरेंडर किया। उनका कहना था कि वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कैसे मोदी तीन महिला सांसदों से डरकर, सदन छोड़कर भाग गए। वीडियो में जो कुछ दिखाया गया है इनमें से कोई भी बात काल्पनिक या गलत नहीं है। ए सारे वही मुद्दे हैं, जिस पर विपक्ष और पूरा देश सवाल पूछ रहा है, जो भारत के संसद में गूंज रहे हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन ने बताया कि इस वीडियो में बताया गया था कि कैसे एआई वीडियो डिलीट करवाए जा रहे हैं और एआई वीडियो को डिलीट करने का आदेश भाजपा शासित राज्य सरकारों-बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र- की पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भेजा गया। इनमें से कुछ एआई वीडियो को डिलीट करवाने का आदेश सीधे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मंत्रालय से आया है।

### राहुल गांधी को करणी सेना की कथित धमकी पर भड़कीं कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस ने इस मामले को गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा और संघ परिवार के संगठनों ने जो माहौल बनाया है उसमें गांधी को संसद में बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने गांधी और 25 सांसदों को मार डालने की धमकी दी है लेकिन इस पर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह अराजकता का स्पष्ट मामला है। उन्होंने आगे कहा कि हम जानते हैं कि अपने विपक्ष के नेता की रक्षा कैसे करनी है। राहुल गांधी भी जानते हैं कि अपनी रक्षा कैसे करनी है, उन्हें अपनी जान की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी इस मामले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## सामुदायिक व कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस सप्ताह-2026 के चल रहे समारोहों के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी जिले में साम.ुदायिक और कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके तहत डेविड मॉडल स्कूल में एक मैत्रीपूर्ण खो-खो मैच का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के कर्मचारियों और खजूरी खास उपमंडल के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने टीम वर्क, आपसी सम्मान और पुलिस तथा समुदाय के बीच स्वस्थ संवाद को बढ़ावा दिया। स्कूल की टीम विजयी रही और मैच को खेल भावना, सौहार्द और मजबूत सामुदायिक संबंधों की भावना के साथ मनाया गया। इसके अलावा समुदाय तक पहुंच बढ़ाने और स्थानीय चिंताओं को दूर करने के लिए, उत्तर-पूर्वी जिले के सभी 14 पुलिस थानों में आरडब्ल्यूए/एमडब्ल्यूए बैठकें आयोजित की गईं।

# अटल कैंटीन भोजन सुविधा 5 रुपये में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी दिल्ली में 25 नई 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में नर्सरी सफेदा झुग्गी बस्ती से किया गया और बाकी 24 जगह वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर दिल्ली प्रदेश के महामहिम उपराज्यपाल महोदय वीके सेक्सेना एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्वी दिल्ली लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार में गृह, शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल गोयल, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, निगम पार्षद मीनाक्षी शर्मा, नीमा भगत, राजू सचदेवा व संदीप कपूर सहित क्षेत्र की गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, मार्केट एसोसिएशन एवं गणमान्य लोगों के साथ हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उपराज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व शहरी विकास मंत्री आशीष सूद का आभार व्यक्त किया और कहा कि आमजन, श्रमिकों, रिक्शा चालकों, विद्यार्थियों एवं जरूरतमंद परिवारों को किफायती दरों पर स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "अटल कैंटीन" की शुरुआत की जा रही है।

## कई स्कूलों को मिले धमकी भरे ईमेल खाली कराए परिसर अलर्ट पर एजेंसियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार सुबह दिल्ली के तीन स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत स्कूलों को खाली कराकर तलाशी अभियान शुरू किया। यह जानकारी दिल्ली फायर सर्विसेज के एक अधिकारी द्वारा दी गई। वहीं नोएडा में भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। जिसके बाद ईमेल के संबंध में साइबर टीम तकनीकी जांच में जुटी हुई है। अधिकारी ने कहा कि, श्हमें तीन स्कूलों को भेजे गए बम धमकी वाले ईमेल की सूचना मिली थी, जिनमें द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और सेंट थॉमस स्कूल के साथ ही पश्चिम एन्क्लेव स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल शामिल हैं। एहतियात के तौर पर फायर टेंडर और रेस्क्यू टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

अधिकारियों ने बताया कि अलर्ट मिलते ही स्कूलों में पुलिस टीम, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी तैनात कर दिए गए। एहतियातन स्कूल प्रबंधन ने छात्रों और स्टाफ को परिसर से बाहर निकाल दिया, जबकि तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, हालांकि स्कूल परिसरों में विस्तृत सैनेटाइजेशन जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि साइबर टीमों को अलर्ट कर दिया गया है और ईमेल के स्रोत का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि, 'ईमेल की जांच कर उनके स्रोत और सत्यता का पता लगाया जा रहा है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इसी तरह की धमकियां अन्य संस्थानों को भी भेजी गई हैं।

# पहले रोजे से ही बाजार में बढ़ी गहमागहमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मस्जिदों में बुधवार को ईशा की नमाज के बाद से तरावीह (नमाज में कुरआन पाक की तिलावत) का सिलसिला शुरू हो गया। बृहस्पतिवार को रमजान के पहले रोजे से जहां रोजेदार परहेजदारी के साथ इबादत में डूब गए हैं। वहीं जामा मस्जिद ,चांदनी चौक, चितली कबर और दरियागंज जैसे बाजारों में रौनकें बढ़ गई हैं। रमजान का चांद दिखाई देने के बाद से ही लोगों में उत्साह का माहौल है। चांद का दीदार होने के बाद बाजारों में लोग जमकर खरीदारी करने पहुंचे। वह अपने लिए सेवई, खजूर, मिस्वाक और इत्र खरीदते हुए नजर आए। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए इस बार व्यापारियों में भी खुशी की लहर देखने को मिल रही है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए व्यापारियों ने इस बार रमजान में अच्छे मुनाफे होने की उम्मीद जताई है। समाज के जिम्मेदार लोगों ने अपील की है कि रमजान के महीने में अपने साथ-साथ अपने पड़ोसियों का भी ख्याल रखें। उन्हें इफ्तार के साथ-साथ अच्छे खाने-पीने की चीजें दें। सदका और जकात करें। जो भी जरूरतमंद नजर आए, उनकी मदद करें। रोजे और तरावीह का एहतमाम करें। पूरे महीने कुरआन पाक की तिलावत करें।

## दो लापता हुई लड़कियों को ढूंढ कर उनके परिवार से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने दो लापता/किडनैप हुई लड़कियों को ढूंढ कर उनके परिवार से मिलवा दिया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि पहले मामले में सात साल की नाबालिग पीड़ित लड़की 28.जनवरी से हरियाणा के गुरुग्राम के इलाके से किडनैप/लापता बताई गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।यह घटना चिंता की बात थी, क्योंकि पीड़ित नाबालिग थी। दिल्ली पुलिस की नोडल एजेंसी होने के नाते, एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश कुमार,के नेतृत्व में एएसआई अजय कुमार झा, महिला हेड कांस्टेबल सीमा त्यागी कीअपराध शाखा की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और मैनुअल जानकारी के आधार पर पीड़ित को फ्लैग चिल्ड्रन होम, करोल बाग से ट्रेस कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि पीड़ित अपनी मौसी के साथ गुरुग्राम में रह रही थी और वहीं पढ़ाई कर रही थी। उसके माता-पिता झारखंड में रह रहे हैं। वह उस दिन स्कूल नहीं गई। उसकी माँ ने उसे गाँव से बुलाया और फोन पर डांटा। गुस्से में वह घर से निकल गई और बाद में रास्ता भटक गई।

# महिला की हत्या का मामला सुलझा, दो आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपी से लूटी गई ज्वेलरी, अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार व बाइक भी बरामद किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरों पूर्वी जिला पुलिस के ज्योति नगर थाने की टीम ने महिला की हत्या का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई ज्वेलरी,अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार, और बाइक बरामद की है। आरोपियों पर बकाया लोन था जिससे उन्हें पैसे की तंगी हो रही थी।इसके बाद उन्होंने रॉबरी की साजिश रची जिसका नतीजा हत्या निकली।

दिल्ली के उत्तरों पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि ज्योति नगर थाने के अधिकार क्षेत्र में एक महिला की हत्या के बारे में सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसीपी गोकल पुरी दीपक चंद्रा की देखरेख में एसएचओ ज्योति नगर वेद प्रकाश के नेतृत्व में एसआई देवेंद्र, पंकज, विशाल, संजीव, एएसआई नरेश मंगल, हेड कांस्टेबल अनुज, राहुल, सुभाष, अमित; और कांस्टेबल अनिल की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने कई सोर्स से जरूरी सबूत इकट्ठा किए। लगातार कोशिशों के बाद, टीम ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान उमेश (21) के तौर पर हुई।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी उमेश ने जुर्म में शामिल होने की बात कबूल की और अपने साथी की पहचान बताई। उसके खुलासे पर पुलिस टीम ने सह-आरोपी विपिन (22) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ से पता चला कि दोनों आरा.ेपी बकाया लोन की वजह से पैसे की तंगी में थे, जिसे वे चुका नहीं पा रहे थे। अपनी पैसे की तंगी से उबरने के लिए, उन्होंने रॉबरी की साजिश रची, जिसका नतीजा आखिरकार हत्या कर दी।



दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी दिल्ली में 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में नर्सरी सफेदा झुग्गी बस्ती से किया गया जिसका खाना खाते हुए मुख्यमंत्री एवं उपराज्यपाल।

## एक नजर

### विजयभूमि विश्वविद्यालय ने साझेदारी को किया मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के ग्लोबल मैनेजमेंट स्कूल, KEDGE बिजनेस स्कूल ने आज भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इसका विस्तार किया है। भारत की पहली लिबरल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, विजयभूमि यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक श्संबद्ध परिसरश (एसोसिएटेड कैंपस) के रूप में, दोनों संस्थानों ने नए कार्यक्रमों की शुरुआत कर अपनी अग्रणी साझेदारी को और मजबूत किया है। KEDGE की नेतृत्व टीम ने हाल ही में नई दिल्ली का दौरा किया, जिसमें KEDGE BS के महानिदेशक (CEO) एलेक्जेंड्रे डे नैवेलिस और ज्ञम्क्ळम् ठै के एसोसिएट डीन (प्रोग्राम्स एवं इंटरनेशनल) डॉ. सेलिन डेवेस्ने शामिल थे। उनकी मेजबानी विजयभूमि यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष और प्थ्म्ड संस्थानों के चेयरमैन संजय पडोडे ने की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ईयू (EU) मुक्त व्यापार समझौते (FTA), जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है, भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए यूरोपीय संघ में अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है।

### टाइगर एनालिटिक्स के साथ बिहार सरकार ने साइन किया एमओयू

**नई दिल्ली।** एआई और एडवांस्ड एनालिटिक्स कंसल्टिंग की वैश्विक कंपनी टाइगर एनालिटिक्स ने आज इंडियाख्रएआई इम्पैक्ट समिट 2026 में बिहार सरकार के साथ एक अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में टाइगर एनालिटिक्स के सीईओ और संस्थापक डॉ. महेश कुमार ने कहा, "बिहार हमेशा से बौद्धिक विरासत की भूमि रहा है, और हमें विश्वास है कि अब यह एआई आधारित बदलाव का प्रतीक बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा, "बिहार एआई मिशन हमारी यह प्रतिबद्धता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदे राज्य के हर कोने तक पहुँचें। जैसे-जैसे भारत अपनी एआई यात्रा को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, टाइगर एनालिटिक्स संस्थानों और सरकारों के साथ मिलकर काम करता रहेगा, ताकि एआई की संभावनाओं को जमीनी हकीकत में बदला जा सके और वास्तविक प्रगति हासिल हो

### कुलदीप सेंगर व सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता द्वारा दायर एक अर्जी के जवाब में जारी किया गया है। पीड़िता ने अपनी अर्जी में कुलदीप सिंह सेंगर समेत अन्य दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग की है। पीड़िता चाहती है कि दोषियों को और कड़ी सजा मिले। हाईकोर्ट ने इस अर्जी को गंभीरता से लिया है। मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को निर्धारित की गई है।

### घुड़सवारी प्रतियोगिता में नाम रौशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब में आयोजित सीनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता में नजफगढ़ के दीचाऊ कलां निवासी 16 वर्षीय युवा राइडर युग शौकीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नोविस शो जंपिंग में व्यक्तिगत सिल्वर मेडल और टीम सिल्वर मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता देशभर के प्रतिभाशाली घुड़सवारों के लिए एक प्रतिष्ठित मंच मानी जाती है, युग पिछले 5 वर्षों से लगातार नेशनल गेम्स में मेडल जीत रहे है। युग शौकीन की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास, समर्पण और मजबूत मार्गदर्शन का परिणाम है। वे जीजी घुड़सवारी स्पोर्ट्स अकादमी में अनुभवी कोच कैप्टन सुनील कुमार, दुश्यंत और यशवीर हुड्डा के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## आज खुलेगा एनएफओ व 6 मार्च को होगा बंद

**नई दिल्ली।** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने एलआईसी एमएफ टेक्नोलॉजी फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक थीमैटिक इक्विटी स्कीम है, जिसे भारत के बढ़ते तकनीकी परिदृश्य में व्यापक एक्सपोजर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है. इसका दायरा पारंपरिक आईटी सेवाओं से आगे तक होगा। इसका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 20 फरवरी को खुलेगा और 6 मार्च को बंद होगा. उसके बाद स्कीम 19 मार्च से निरंतर सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए दोबारा खुलेगी। एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने कहा, आम बजट 2026-27 ने सेमीकंडक्टर के विकास और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को पुन: पुष्ट किया है ।

# नये मास्टर प्लान में करावल नगर के क्षेत्रों को ओ-जोन से बाहर लाने की योजना: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन और श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के चौहान पट्टी बस टर्मिनल पर अटल कैंटीन का शुभारम्भ किया।

श्रम मंत्री ने जरुरतमंदों को थाली परोसी और उनके साथ भोजन कर उसकी गुणवत्ता भी परखी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज दिल्ली में 25 नई अटल कैंटीन का शुभारम्भ हुआ है, अब तक 71 अटल कैंटीन शुरू हो चुकी हैं। यह अटल कैंटीन गरीब, श्रमिक और जरूरतमंद वर्ग को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगी। इसका उद्देश्य गरीब एवं वंचित वर्ग को भरपेट भोजन के साथ पोषण उपलब्ध कराना भी है। यहाँ बैठने की उचित व्यवस्था है और टोकन व बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। श्रम मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिल्लीवासियों को नहीं मिल पाया। अब आयुष्मान आरोग्य योजना से अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज के अलावा घर के नजदीक ही आरोग्य मंदिरों में नि:शुल्क इलाज, जांच और दवा की सुविधा मिल रही है।कपिल मिश्रा ने कहा कि करावल नगर में दो आयुष्मान मंदिर पहले ही शुरू हो चुके हैं। नये आरोग्य मंदिर और अटल कैंटीन भगत सिंह कॉलोनी, खजूरी, सोनिया विहार ब्लॉक ए, मुकुंद विहार एवं अंकुर एन्क्लेव में शुरू करने की योजना है।

## गूफी अंदाज में नजर आए जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह सनफीस्ट यिप्पी के नए कैंपेन में, जो ब्रांड के आइकॉनिक मैजिक मसाला वेरिएंट पर केंद्रित है, मस्तीभरे, चुटीले और पूरी तरह अपने असली अंदाज में नजर आए। कैंपेन से जुड़ने के अपने अनुभव को साझा करते हुए जसप्रीत बुमराह ने कहा, ष्मुझे इस फिल्म की सबसे अच्छी बात ये लगी कि ये बिल्कुल वास्तविकता के करीब है।

कैंपेन पर बात करते हुए सुरेश चंद, वाइस प्रेसिडेंट और हेड ऑफ मार्केटिंग ख्र स्नैक्स, नूडल्स एवं पास्ता, फूड्स बिजनेस, आइटीसी लिमिटेड, ने कहा यिप्पी हमेशा से मानता रहा है कि खाना मजेदार और स्वाद से भरपूर होना चाहिए।

# पार्क हुए टू-व्हीलर की करता था चोरी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने एक ऑटो-लिफ्टर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से चोरी के छह टू-व्हीलर बरामद किए है।आरोपी पार्क किए गए टू-व्हीलर को टारगेट करते थे, और पैसे के फायदे के लिए उन्हें बेचने से पहले उनका इस्तेमाल आगे अपराध करने के लिए करते थे। आरोपी ड्रग्स और शराब की लत को बनाए रखने के लिए आपराधिक मामलों में शामिल हो गया।आरोपी अशोक विहार थाने का बीसी है, जिसके खिलाफ मर्डर, स्नैचिंग और चोरी सहित चौदह मामले दर्ज हैं। दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को एक ऑटो-लिफ्टर के बारे में सीक्रेट जानक.ारी के आधार पर एसीपी ऑपरेशन रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने प्रेम बाड़ी फ्लाईओवर, अशोक विहार पर रेड कर स्कूटी के साथ राजा उर्फ घ्बिहारी (26) को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी राजा उर्फ घ्बिहारी ने माना कि वह चोरी करने के लिए आसान टारगेट की एक्टिवली तलाश कर रहा था। सत्यापन पर, बरामद स्कूटी मॉडल टाउन थाने के तहत चोरी पाई गई। आगे की जांच में पांच अतिरिक्त चोरी के दोपहिया वाहन बरामद हुए, जिन्हें आदर्श नगर, मॉडल टाउन, सुभाष प्लेस और समयपुर बादली थाने के तहत चोरी किया गया था।



कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन व श्रम मंत्री कपिल मिश्रा करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के चौहान पट्टी बस टर्मिनल पर अटल कैंटीन के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए।

# हकीम अजमल खां की 158वीं जयंती पर सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (IMA&AYU) के तत्वावधान में महान चिकित्सक हकीम अजमल खघँ की 158वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन गालिब इंस्टीट्यूट, माता सुंदरी लेन, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर दिल्ली भर के नामी अघतिब्बा और चिकित्सकों की बड़ी संख्या ने भाग लिया और तिब्ब-ए-यूनानी में हकीम अजमल खघँ की सेवाओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



समारोह को संबोधित करते हुए यूनानी विभाग, सफदरजंग अस्पताल के पूर्व हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. सैयद अहमद खघन ने कहा कि हकीम अजमल खघँ ने तिब्ब-ए-यूनानी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और आधुनिकचिकित्सीय आवश्यकताओं के अनुरूप उपचार के नए तरीके प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर डॉ. आर. एस. चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि तिब्ब-ए-यूनानी वास्तव में एक संपूर्ण जीवन-पद्धति और संतुलित उपचार प्रणाली है, जिसे असीफ -उल-मुल्क हकीम अजमल खघँ ने नई ऊर्जा प्रदान की। समारोह में प्रो. (डॉ.) काशीनाथ समागांदी, डॉ. आरिफ जैदी, डॉ. रघु राम अय्यागरी, प्रो. (डॉ.) मोहम्मद इदरीस, हकीम इमामुद्दीन जकाई, प्रो. (डॉ.) नसीम अख्तर खघन, डॉ. सैयद अहमद खघन, डॉ. आर. एस. चौहान, डॉ. ओ. पी. वशिष्ठ, डॉ. नरेश कुमार छवानिया, डॉ. रमन खन्ना, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ. मोहम्मद असद, डॉ. अरुण कटारिया, डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल शामिल हुए

# हाईब्रिड क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर लागू करने के लिए सहयोग किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एडब्लूएस इंडिया) नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के मेघराज 2.0 अभियान के लिए एडब्लूएस आउटपोस्ट स्थापित करने के लिए योटा डेटा सर्विसेज के साथ मिलकर काम करेगा।

इस पहल द्वारा सरकारी विभाग डेटा रेसिडेंसी एवं सिक्योरिटी के लिए एडब्लूएस सेवाओं और जनरेटिव एआई क्षमताओं का उपयोग कर सकेंगे।

इस हाईब्रिड आर्किटेक्चर द्वारा सरकारी विभाग एनआईसी डेटा सेंटरों में सेंसिटिव वर्कलोड चला सकेंगे तथा एडब्लूएस सेवाओं की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेंगे।




संदीप दत्ता, प्रेसिडेंट, एडब्लूएस इंडिया और साउथ एशिया ने बताया कि, ''योटा के साथ यह तालमेल भारत सरकार के डिजिटल परिवर्तन के लक्ष्य में योगदान देने की एडब्लूएस की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। योटा डेटा सर्विसेज के को-फाउंडर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, ''एडब्लूएस के साथ इस सहयोग द्वारा सरकार के लिए भारत के संप्रभु और सुरक्षित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को संचालित करने के योटा के मिशन को मजबूती मिलेगी।

## ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना जरुरी: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज की अस्थिर जियो पॉलिटिकल परिस्थितियों में हर बड़े देश के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना बहुत जरुरी हो गया है। चुंकि भारत अपने तेल और गैस की लगभग 90% जरुरतें आयातसे पूरा करता है, लिहा.जा इस मामले में हम काफी संवे.दनशील स्थिति में है। तीन ओर से समुद्र से घिरे होने के कारण युद्ध या तनावपूर्ण परिस्थितियों में समुद्री नाकेबंदी का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में हमारे पास घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता तेल और गैस बाजार है और कम से कम अगले 20 वर्षों तक इसकी मांग लगातार बढ़ती रहेगी।

# तीन स्नेचर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के बुध विहार थाने के स्टाफ ने तीन स्नैचर/चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक स्नैच किया हुआ मोबाइल फोन और दो चोरी के टू-व्हीलर बरामद किए है।

दिल्ली के रोहिणी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 15.फरवरी को बुध विहार थाने में एक मोबाइल स्नैच करने का मामला दर्ज किया गया था। मामले की सेंसिटिविटी को देखते हुए एसीपी प्रशांत विहार अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ बुध विहार मदन लाल मीणा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल इिन तीनों कोचों ने तकनीकी कौशल, संतुलन, घोड़े के साथ तालमेल और प्रतियोगिता के दबाव को संभालने की विशेष तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया। युग द्वारका स्थित श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं के छात्र है और आने वाले एशियन गेम्स के लिए अभी से कड़ी मेहनत कर रहे है। विकास सांगवान, मंदीप, राजेश, कुलदीप, राकेश और अनिल दहिया की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने ह्यूमन इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरा.ेपी हैप्पी उर्फ घ्मोहित (26) और अजय उर्फ घ्हेतराम (22) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ करने पर उन्होंने ऊपर बताए गए अपराध में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया और बताया कि वे बुध विहार थाने के हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र उर्फ घ्सुरेंदर (29)के कहने पर स्नैचिंग कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर, पुलिस टीम ने शैलेंद्र उर्फ सुरेंदर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने सुनी जनता दर्शन में समस्याएं

# जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं: डीएम

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश



दिया गया। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों दिव्यांगजन कल्याण विभाग, शस्त्र लाईसेंस (विरासत), नियोजन विभाग (फैमिली आईडी), यूपीनेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जा/ भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान आदि के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने आवश्यक दिशा- निर्देशित दिए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम एल/ए अवनीश, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## साढ़े 57 किलो गांजे के साथ 3 पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी और एएनटीएफ यूनिट मेरठ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान तीन शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। तस्करों के नाम अच्छन खान निवासी शालीमार बाग दिल्ली मूल पता संत कबीर नगर, गुलाम हैदर निवासी दरभंगा बिहार और अमन हैदर निवासी दरभंगा बिहार बताई जा रहे हैं। उपरोक्त को लाल कुआं के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 57 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। तीनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह पश्चिम बंगाल से गांजा खरीद कर लाते हैं। उसके बाद उसे गाजियाबाद, दिल्ली व एनसीआर के अन्य क्षेत्रों में बेच देते हैं।

### भाजपा ( अनु मो ) राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी अध्यक्ष पहुंचे मोदीनगर

## भाजपा नेत्री अपराजिता सिंह के आवास पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और भाजपा अनुसूचित मोर्चा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया का मोदीनगर शहर में भाजपा जिला मंत्री भ अपराजिता सिंह के आवास पर स्वागत किया गया।



इस मौके पर दोनों नेताओं ने कहा कि वे यहाँ व्यक्तिगत रूप से आये है उन्होंने भाजपा सरकार को सबका साथ सबका विकास असल मायनों में करने वाली सरकार बताया । इस अवसर पर सागर के पास बन रहे विश्व के सबसे बड़े संत रविदास मंदिर के बारे में भी जानकारी दी ।

अपराजिता सिंह ने आगमन के लिए दोनों नेताओं का आभार व्यक्त किया। उनके परिवार से शशांक शर्मा, नीरज शर्मा, दमयंती सिंह, शिव राज सिंह के साथ साथ पंकज कंसल, राज वर्मा, सुबोध, कर्दम और संजय सिंह उपस्थित रहे।

### आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस इंटर्न्स के लिए

## क्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसन एंड रेडियोलॉजी, ओरल पैथोलॉजी एवं पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभागों के द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिये दो दिवसीय क्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 93 इंटर्न्स ने भाग लिया, जिन्हें तीन समूह में विभाजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि करना तथा उन्हें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम उपचार प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।



पहले समूह के लिए ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा ''इमर्जिंग रोल ऑफ सी.बी.सी.टी. - ए. 3डी. इमेजिंग मोबिलिटी इन डेन्टिस्ट्री'' विषय पर विभिन्न व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित किये गये। इस सत्र में छात्रों को सी.बी.सी.टी. के उपयोग की मूल प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही सी.बी.सी.टी. और अन्य 2डी. और 3डी. इमेजिंग तकनीकों के मध्य अंतर स्पष्ट किया गया तथा इमेज इंटरप्रिटेशन, नर्व ट्रेनिंग और आर्टिफैक्ट्स के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन वक्ता, डॉ0 दीक्षा सिंह, प्रोफेसर, ओरल पैथोलॉजी विभाग, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के द्वारा ओरल पैथोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त स्पेषल स्टेन, मैसन ट्राइक्रोम तथा पिक्रोसिरियम रेड पर हैंड्स-ऑन प्रषिक्षण भी आयोजित किया गया। पब्लिक हैल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग की फैकल्टी के द्वारा ''पेरियोडोंटल डिजीज, ओरल कैंसर और टूथ वियर रिस्क असेसमेंट'' विषय पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। जिसमे में उन्होंने छात्रों को इस विषय से जुड़े जोखिमों एवं उसके मूल्यांकन से अवगत कराया।

साथ ही पेरियोडोंटल रिस्क असेसमेंट टूल का उपयोग पर हैंड्स-ऑन प्रषिक्षण दिया गया। इसके पश्चात दूसरे दिन वक्ता डॉ0 विपुल यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, पब्लिक हैल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीयूट ऑफ डेन्टल सांइसेज, रोहतक हरियाणा द्वारा छात्रों को ओरल डिजिज रिस्क एसेसमेंट एंड प्रिवेंटिव ट्रिटमेंट प्लानिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया और टूथ वियर इवैल्यूएशन सिस्टम का उपयोग करके टूथ वियर रिस्क असेसमेंट पर एक हैंड्स-ऑन दिया गया तथा डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया।

## शिक्षा और संस्कारों की पाठशाला है विद्या का मंदिर छाया स्कूल पहुंचकर भावुक हुए शोभित नेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सफलता के शिखर पर विराजमान छाया स्कूल के पूर्व छात्र शोभित नेहरा अपने स्कूल के पुराने दिनों को याद करके बेहद भावुक हो गए यूके मोदी ग्रुप में डी जी एम लीगल पद पर कार्यरत शोभित नेहरा ने अपने जूनियर्स को संबोधित करते हुए कहा की छाया स्कूल मेरी जिंदगी का एक ऐसा शिक्षा का संस्थान रहा जहां मुझे शिक्षा, संस्कार, आत्मविश्वास, और जीने की राह दिखाएं मैं अपने संस्थान का सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने अपने भाषण में कहा की मन पर जिसने काबू कर लिया वह जिंदगी में कभी असफल



नहीं हो सकता मन अच्छे कार्य को बाद के लिए छोड़ना चाहता है और गलत को पहले इसलिए हमें अपने मन पर काबू रखने की जरूरत है अगर जिंदगी में सफल होना है तो अपने लक्ष्य को समय से निर्धारित कर ले तो दुनिया की कोई ताकत उसे मुकाम पर पहुं. चने में नहीं रोक सकती। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा पुष्प भेंट कर भविष्य में और बेहतर करने के लिए आशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने उनको सॉल व स्मारिका पत्रिका देकर सम्मानित किया और कहां शोभित बचपन से ही विलक्षन प्रतिभा के धनी थे और उनके अंदर का आत्मविश्वास, लगन, और मेहनत उन्हें सफलता के इस शिखर तक ले गई और भविष्य में एक दिन और बड़ा नाम बनकर उभरेगा और छाया स्कूल ही नहीं पूरे मोदीनगर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा उनके आगमन पर बच्चों व शिक्षकों में बेहद उत्साह दिखाई दिया।

### महिला से कुंडल लूटकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश

**गाजियाबाद।** वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत गांव गुर्जर गढ़ी में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक वारदात को अंजाम दिया है। गांव के बाहर उपलों की पथवारी में काम कर रही एक महिला के कान के सोने के कुंडल छीनकर तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, घटना 17 फरवरी की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे की है। पीड़िता के देवर पवन बंसल ने बताया कि उनकी भाभी सरिता, गांव के पास ही स्थित पथवारी में गोबर के उपले पाथ रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और महिला को धमकाकर बदमाशों ने उनके कान के कुंडल झपट लिये और बाइक पर सवार होकर तेजी से फरार हो गए।

## ट्रांस हिंडन पुलिस ने बरामद किए 75 लाख रुपये की कीमत के 254 मोबाइल

**गाजियाबाद।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के नेतृत्व में मोबाइल चोरी, स्नैचिंग की शिकायतों पर प्रभारी कार्रवाई करते हुए 254 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इन मोबाइल की कीमत करीब 75 लाख रुपये बताई जा रही है।



डीसीपी ने बताया कि यह कार्यवाही ट्रांस हिंडन पुलिस ने सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से सर्विलांस टीम के साथ मिलकर की है।

बरामद किए गए मोबाइल देश के विभिन्न राज्यों से रिकवर किए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि 254 मोबाइल बरामद कर उन्हें उनके स्वामियों को दे दिया गया। रिकवरी प्रतिशित के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले थाना 66 प्रतिशत व थाना प्रतिशत रहा। थाना इंदिरापुरम ने 50, थाना कौशांबी ने 60, थाना खोड़ा ने 32, थाना साहिबाबाद ने 30, थाना लिंकरोड ने 30, थाना शालीमार गार्डन ने 42 और थाना टीलामोड़ ने 19 मोबाइल बरामद किए हैं।

## मोदी शुगर मिल ने गन्ने के बीज के लिए किया किसानों को अग्रिम भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर की मोदी शुगर मिल द्वारा बसंतकालीन बुवाई 2025-26 हेतु उन्नत गन्ना प्रजातियों Co-118, CoLk-13235 एवं अन्य स्वीकृत गन्ना प्रजातियों के लिये चयनित गन्ना किसानों को अग्रिम भुगतान किया। उप गन्ना आयुक्त मेरठ एवं मुख्यालय द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में ब्व-0238 गन्ना बीज बदलाव कार्यक्रम का चरणबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन जनपद गाजियाबाद में प्रारंभ हो चुका है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई वर्ष 2025-26 के लिए उन्नत एवं प्रमाणित प्रजातियों Co-0118, CoLk-13235 तथा अन्य स्वीकृत किस्मों के बीज का पूर्व आरक्षण एवं अग्रिम भुगतान सुनिश्चित कर किसान हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्यशैली का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में चीनी मिल मोदीनगर के परिसर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिल के अध्यासी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मोदीनगर एवं गन्ना



समिति मोदीनगर के सचिव की उपस्थिति में चयनित कृषकों को आरक्षित उन्नत गन्ना प्रजातियों के बीज हेतु अग्रिम भुगतान के चेक वितरित किए गए। संपूर्ण प्रक्रिया को ळ्ज्ञ पोर्टल पर अंकित कर डिजिटल मॉनिटरिंग के दायरे में लाया गया है।

बीज प्लॉटों का विधिवत सर्वेक्षण, चिह्नीकरण एवं यथार्थ आकलन कर अग्रिम वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जायेगी ताकि किसी भी स्थिति में बीज की कमी अथवा आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न न हो। अग्रिम भुगतान के माध्यम से किसानों को यह भरोसा दिया गया है कि उन्हें निर्धारित समय पर प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

यह व्यवस्था सुशासन, जवाबदेही और परिणामोन्मुख प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनपद गाजियाबाद में आयोजित यह चेक वितरण कार्यक्रम केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसान-सम्मान एवं विश्वास सुदृढ़ीकरण का प्रतीक है।

## बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर लगाया वृद्धाश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** प्रमुख समाजसेवी जोड़ी डॉ राजपाल तोमर व डॉ फहीम सैफी एवं आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन ने अपनी टीम के साथ गरीब निराश्रित एवं असहाय वृद्धजनों के लिए दुहाई स्थित वृद्ध आश्रम में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें लगभग साठ मरीज देखे गये और उन्हें समुं. चत औषधि प्रदान की गई।

इस अवसर पर डॉ तोमर ने कहा की शहर मुरादनगर का संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन क्षेत्र में बच्चों, महिलाओं और वृद्ध एवं विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करते हुए पुनर्वास सेवाओं को बढ़ावा देता



रहा है, साथ ही साथ सभी धर्म एवं संप्रदायों के बीच सेवा भाव करके हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक भी बना हुआ है। वास्तव में, हमारा संगठन बच्चों, महिलाओं और वृद्ध एवं विकलांग व्यक्तियों के साथ खड़े होकर और उनकी कमियों को दूर करने में उनकी मदद करके बेहद खुश है।

डॉ फहीम सैफी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गरीब असहाय निराश्रित बुजुर्गों कि मदद के साथ साथ उनकी सेवा करनी चाहिए इससे बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। भविष्य में भी इसी तरह हम जरूरतमंदों की मदद करने और उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद करने के लिए अपनी सेवाएँ जारी रखेंगे। इस अवसर पर डॉ राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, कपिल पुनिया, डॉ सलीम , सीदू अल्वी आदि उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों पर कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने की गोष्ठी

**गाजियाबाद।** आगामी त्योहारों के दौरान कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था कायम रहे और अपराध नियंत्रण प्रभावित हो सके इसके मद्देनजर पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने मातहत अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। कमिश्नर ने बताया कि आगामी त्यौहार रमजान और होली पर सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाया जाए।

सीपी ने मातहत अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए, अपराध नियंत्रण और रणनीति की समीक्षा की जाए, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जाए और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का लोगों से आह्वान किया जाए। बैठक में पुलिस कमिश्नर ने ऑपरेशन प्रहार की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए लोगों को भय मुक्त वातावरण देना है। इस मौके पर एडीसीपी केशव कुमार चौधरी, एडीसीपी राजकरण नय्यर, तीनों जोन के डीसीपी और एसीपी मौजूद रहे।

### सुन्दरदीप यूनिवर्सिटी में 'एप्रिसिएशन अवॉर्ड सेरेमनी' संपन्न

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ऑड सेमेस्टर परिणाम 2025-26 के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित 'एप्रिसिएशन अवॉर्ड सेरेमनी' का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम SDGI Global यूनिवर्सिटी के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संपूर्ण विश्व. विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों तथा प्रत्येक स्कूल से



सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम बताया।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं डॉ. अंशिता त्यागी रहे, जिन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की सराहना सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने की।

सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# एसडीएम, तहसीलदार अमीन ब्रहद स्तर पर चलाये वसूली अभियान

## जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर राजस्व, नगर विकास वसूली एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व संग्रह, नगर विकास वसूली, राजस्व कार्यों तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर माह जनवरी की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला. धिकारियों (एसडीएम) एवं तहस. ीलदारों को निर्देशित किया कि अमीनवार वसूली कार्यों की समीक्षा की जाए। वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अमीन कार्य में शिथिलता बरतेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही वसूली की साप्ताहिक समीक्षा भी अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में अवैध कब्जों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। राजस्व एवं कर-करेत्तर विभागों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो विभाग जनवरी माह की रैंकिंग में सी एवं डी श्रेणी में हैं, वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर रैंकिंग बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास करें। राज्य कर विभाग को निर्देशित किया गया कि औद्योगिक क्षेत्रें में संचालित प्रत्येक इकाई का जीएसटी पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही कार वॉशिंग एवं डेंटिंग/सर्विस सेंटरों पर निगरानी रखने के लिए एआरटीओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला. धिकारी ने कहा कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। IGRS पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई, मंडलायुक्त कार्यालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त संदर्भों का अधिकतम तीन दिवस के भीतर निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने दोहराया कि राजस्व वसूली एवं जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय ,जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, एसडीएम खेकड़ा निकेत वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार समस्त तहसीलदार जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया शांतिपूर्ण विरोध प्रकट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय की मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका परिसर बडोत मे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष सरकार के तानाशाही रवैये के विरोध मे शांतिपूर्ण विरोध प्रकट किया प्रदेश मे मनरेगा बचाओ संग्राम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम को खत्म करने की योजना नियमो मे कटौती करना एक दमनकारी सोच है इसी के विरोध मे पुरे प्रदेश मे कांग्रेस जनो दुआरा लखनऊ मे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दोरान लाठीचार्ज किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अनेक कार्यकर्ता घायल हो गए सरकार का यह घर्णित क्रत निन्दनीय अलोकतान्त्रिक है। इस अवसर पर रविन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा आमिर खान रामरंग पंवार औमबीर दुहण याकूब अहमद मदन सिंह दुहण दिलशाद देवेन्द्र शर्मा जाहुल श्योराण अजहर पठान ब्रजमोहन शर्मा मो प्रवेज इरशाद आलम फुरकान औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

# सुरक्षित सफर के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध, सड़क सुरक्षा माह में विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सड़क सुरक्षा माह (01 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026) के अंतर्गत गुरूवार को जनपद बागपत में जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन विपिन कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), बागपत द्वारा किया गया।

अभियान के दौरान 02 वाहनों को ओवरलोड पाए जाने पर निरुद्ध (सीज) कर चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही राष्ट्रीय वंदना चौक, बागपत पर विशेष चेकिंग के दौरान 30 चालान हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, नो-पार्किंग, हाई स्पीड एवं रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर किए गए। एआरटीओ व यातायात निरीक्षक शैलेंद्र यादव ने संयुक्त अभियान के अंतर्गत 18 वाहन चालकों के विरुद्ध बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने पर चालान की कार्रवाई की गई। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाएं। जिनके पास लाइसेंस नहीं है, वे शीघ्र आवे. दन कर अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं। विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया सरल एवं सुगम है। आवेदन करने पर शीघ्र लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान के दौरान 07 स्कूल वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। स्कूल संचाल. कों को निर्देशित किया गया कि वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। साथ ही स्कूली वाहन चालकों को निर्धारित वर्दी पहनने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण (आंखों की जांच) कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के कड़े निर्देश है कि ओवरलोड वाहन चलाने अथवा बिना लाइसेंस वाहन चलाते पाए जाने वालो पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यह अभियान जनपद में निरंतर जारी रहेगा।



# पत्नी से सम्बन्ध के शक मे पति ने युवक की गला घोटकर की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के बामनौली गांव में पत्नी से सम्बन्ध के शक मे पति ने एक युवक की गला घोटकर हत्या कर दी। जिसके बाद उसका शव अपने ही घर के सामने डाल दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बामनौली गांव निवासी 35 वर्षीय लोकेंद्र के रूप में हुई है। उसके भाई जोगेंद्र ने बताया कि लोकेंद्र को पड़ोस के रहने वाले हरी दर्शन ने फोन करके अपने घर बुलाया। जहाँ बैठकर दोनों ने शराब पी और इसी दौरान दोनों मे कहासूनी हो गई। बताया गया की लोकेन्द्र हरी दर्शन की पत्नी से बात करता था। दोनों मे आपसी सम्बन्ध थे। जिसके बाद हरी दर्शन ने लोकेन्द्र की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, लोकेंद्र के शरीर पर चोट के निशान और गले में फांसी के निशान थे। वही पुलिस का कहना है की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस की टीमें घटना की जांच कर रही हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रोडवेज टीम ने किया निरिक्षण, जल्द होगी स्टैंड से बसो की सुविध शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के सर्वे विभाग रोडवेज टीम ने आज दीपो विभाग द्वारा छपरौली क्षेत्र का निरीक्षण किया है जिसमें दो दिन में सभालखा से छपरौली बडोत बस स्टैंड से बसो की सुविधा शुरू कर दी जाएगी जिसमें सर्वे का काम पूरा हो चुका है अब हरियाणा यु।पी पुल से आवागमन शुरू हो जाएगा लंबे समय से क्षेत्र के लोग बस सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे अब दोनों राज्यों की सेवा दो दिन बाद शुरू होने वाली है आज रोडवेज के अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण किया है।

# जलभराव से जनजीवन बेहाल ग्रामीणों का सड़क पर प्रदर्शन



**स्योहारा।** बुढ़नपुर ब्लॉक के बहादुरपुर गांव में जलभराव और गंदगी की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। गांव की सड़कों पर जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं बुजुर्गों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाराज ग्रामीणों ने गंदे पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द जल निकासी व सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# कृदय 2.0 वार्षिकोत्सव: तीन दिवसीय चित्रकला संगम आर्ट एक्जीविशन का हुआ आयोजन

**मथुरा।** छह दिवसीय कृदय–2.0 वार्षिकोत्सव की श्रृंखला में आज केएम विश्वविद्यालय परिसर में रंगों और कल्पनाओं का एक अनूठा संगम देखने को मिला। विवि के फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा तीन दिवसीय 'चित्रकला संगम' आर्ट एक्जीविशन का आयोजन किया गया, जिसमें बीएफए छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का ऐसा जबरदस्त प्रदर्शन किया कि कला प्रेमियों का दिल भी जीत लिया ।कृदय–2.0 वार्षिकोत्सव में खेलों के धमाल के साथ–साथ अन्य इंवेटों का आयोजन किया जा रहा है, आज 'चित्रकला संगम' आर्ट एक्जीविशन का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्षध्कुलाधिपति किशन चौधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम), विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पी.एन. भिसे, एफएमटी प्रोफेसर डा. शरद अग्रवाल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। जिपंअ प्रतिनिधि देवी सिंह ने छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की सराहना और प्रशंसा की और कहा ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का न सिर्फ कौशल निखरता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह कृदय–2.0 वार्षिकोत्सव उन्हें अपनी सृजनात्मक दृष्टि को समाज के सामने रखने का अवसर देता है।विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा यहां केवल रंग नहीं, बल्कि युवाओं की मेहनत और उनकी गहरी सोच दिखाई दे रही है। इन कृतियों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का जो तालमेल है, वह वाकई अद्भुत है। कृदय–2.0 के इंवेटों में युवाओं की रचनात्मकता, मेहनत और विच. ारों को दर्शा रहा है। विवि के छात्र–छात्राओं की प्रतिभा ही उनका लक्ष्य तय करेगी। विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया कि कृदय 2.0 वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों के कौशल को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना और युवा कलाकारों को अपनी कला को जनता के सामने प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करना है। इन प्रतियोगिताओं से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। आर्ट एक्सजीविशन के क्युरेटर हर्षित सोनी ने बताया बीएफए की कई छात्राओं द्वारा 60 से अधिक सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया है। इनमें बीएफए की छात्रा शिखा सिंघल, चेतना कुंतल, मोनिका तिवारी आदि रहे

# बी.टैक का परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर।** डा. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी. टैक प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार ने 75.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सेठ ने 79.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 81.55 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 89. 33 प्रतिषत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निद. ेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं को बधाई दी।

# ब्रज में होली पर लोक संस्कृति के बिखेरेंगे रंग

**मथुरा।** होली की उमंग के बीच इस वर्ष ब्रज में रंगों के साथ लोक संस्कृति की छटा भी श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेगी। बरसाना, नंदगांव, मथुरा, गोकुल, महावन और बलदेव सहित ब्रज के विभिन्न स्थलों पर रंगों की फुहार के साथ लोक कलाकार अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से वातावरण को आनंदमय बनाएंगे ।ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली अब रंगोत्सव के रूप में प्रारंभ होने जा रही है। मुख्य आयोजन की शुरुआत 24 फरवरी को बरसाना की ऐतिहासिक लड्डू होली से होगी। इसके अगले दिन 25 फरवरी को बरसाना में प्रसिद्ध लठ्ठ मार होली का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए परिषद ने बरसाना स्थित ब्रज बिहारी इंटर कॉलेज में मुख्य मंच तैयार किया है। 24 फरवरी को इस मंच पर मिश्रा बंधु, विवेक मेहता, पूनम दीदी और कुमार सत्यम द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं 25 फरवरी को लठ्ठामार होली के दिन मुरारी लाल शर्मा, अभिलाषा वर्मा, बनवारी लाल शर्मा और कैलाश पीयूष अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे ।इसके अतिरिक्त बरसाना में परिषद द्वारा सात छोटे मंच भी तैयार किए गए हैं, जहां विभिन्न लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही स्ट्रीट परफॉर्मेंस के माध्यम से भी लोक कलाकार पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को आनंदित करेंगे ।बरसाना के बाद रंगोत्सव का उल्लास 26 फरवरी को नंदगांव और रावल में दिखाई देगा। 27 फरवरी को श्रीकृष्ण जन्मस्थान तथा श्री बांके बिहारी मंदिर में रंगों की होली, जबकि श्री द्वारिकाधीश मंदिर में कुंज की होली आयोजित होगी ।3 मार्च को फालेन में होलिका दहन, मथुरा में चतुर्वेदी समाज का डोला और होलीगेट क्षेत्र में उत्सव होगा। 5 मार्च को बलदेव में दाऊजी का हुरंगा, नंदगांव और जाव में हुरंगा तथा मुखराई में चरकुला नृत्य का आयोजन होगा। 6 मार्च को विश्रामघाट मथुरा, बठेन और गिडोह में हुरंगा की धूम रहेगी। 9 मार्च को महावन में तथा 12 मार्च को श्री रंगजी मंदिर, वृंदावन में होली के साथ सांस्कृतिक एवं लोक कलाओं का भव्य प्रदर्शन होगा ।रंगोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए परिषद और जिला प्रशासन जुटा है। परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि ब्रज में होली के रंगों के साथ संस्कृति, संगीत और लोक परंपराओं का भी अद्भुत संगम दिखाई देगा। बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।ब्रज में होली उत्सव दृ 2026 के आयोजन 24 फरवरी (मंगलवार), फाग आमंत्रण, नंदगांव 24 फरवरी (मंगलवार) दृ लड्डू होली, बरसाना 25 फरवरी (बुधवार) लठ्ठामार होली, बरसाना 26 फरवरी , लठ्ठामार होली, नंदगांव 26 फरवरी, रंग लठामार होली होगी।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा

**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा ने स्योहारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक कर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्र बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए अन्यथा लाप. रवाही पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि ब्लॉक स्योहारा में 82,248 लक्ष्य के सापेक्ष 50,532 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जबकि 31,716 कार्ड शेष हैं। 25 नवंबर 2025 से चल रहा विशेष अभियान अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर मरैहल्ला-वार सूची भी उपलब्ध कराई गई है।

## एक नजर

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के साथ बनें आत्मनिर्भर अपना रोजगार अपना सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी महत्वाकांक्षी योजना युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें मान्य मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपना नाम दिया है जिससे कि युवाओं में एक उत्साह आए और वह सशक्त बने। इसका उद्देश्य है कि युवा नौकरी ढूंढने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। जिलाधिकारी अस्मिता लाल मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के प्रति गंभीर है संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर निर्देश दे रही है बैठक कर रही है की योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए लाभान्वित होंगे तो वह सशक्त होंगे आत्मनिर्भर बनेंगे।

## क्या है मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसमें युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संग इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से लेकर 40 वर्ष के आयु तक के व्यक्ति लाभान्वित हो सकते हैं जिन्हें बिना ब्याज के 5 लाख तक का ऋण दिया जाएगा जिससे कि वह अपना कोई भी सूक्ष्म उद्योग कर सके इसके लिए शिक्षण योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष की वरीयता होनी चाहिए। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया के लिए एमएसएमई के पोर्टल पर पर अपने मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैंकों के स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किया जाएगा योजना की मुख्य बातें प्रतिवर्ष 100000 युवाओं को स्वरोजगार 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है जिसमें प्रथम चरण में 5 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक 100% ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के साथ बनें आत्मनिर्भर। जिसमें युवाओं का अपना रोजगार अपना सम्मान होगा उनके लिए सरकार दे रही है सहयोग, आप भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं आज ही जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर आवेदन करें और 5लाख तक का अपना व्यवसाय प्रारम्भ करें।

## अब तक कितने युवाओं को मिला लाभ

जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 2587 युवाओं ने आवेदन किया जिसके सापेक्ष 887 को अपने दस्तावेज पूर्ण के बाद बैंक द्वारा 310 लाख रुपए की धनराशि का वितरण किया गया जिससे उनके द्वारा सूक्ष्म लघु उद्योग के माध्यम से अपना व्यापार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से पाएँ आर्थिक सहयोग और शुरू करें अपना व्यवसाय। आज ही आवेदन करें और योजना का लाभ उठाएं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है तो आत्मनिर्भर प्रदेश की ओर कदम बढ़ेंगे।

## संजीव शर्मा 'बिजनौर रत्न' से सम्मानित

**नांगल सोती।** बिजनौरी महासभा हरिद्वार द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत निर्बल परिवार की कन्या का विवाह संपन्न कराने वाले समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा को 'बिजनौर रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके सामाजिक योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महासभा के संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर जिस प्रकार एक जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह कर सामाजिक दायित्व निभाया है।

# स्वच्छ जलस्रोत की सौगात

## धामपुर शुगर मिल की पहल से ग्राम हर्रा में तालाब का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब की सफाई, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर उसका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तालाब पर शिलापट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, गज्जूपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह तथा चौधरी अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा का धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्राथमिक विद्यालय हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की।



धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित मोबाइल हेल्थ कैंप का उद्घाटन भी उप जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। इसके पश्चात पंडित सुनील शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर तालाब का विधिवत लोकार्पण संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, ग्राम प्रधान इंद्रवीर सिंह एवं चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# रमजान मुबारक का महीना इंसानियत व हमदर्दी का पैगाम : मुफ्ती अरशद

**नजीबाबाद।** जमीयत उलेमा ए हिंद बिजनौर के जिला जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मौहम्मद अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की तरफ से रहमतों व बरकतों से भरा हुआ मुबारक महीना है। यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का पूरा संदेश लेकर आता है। यह इंसान को अपने रब से जोड़ता है और साथ ही उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी दिलाता है। रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्म-संयम और तकवा (ईश्वर-भय व सजगता) की शिक्षा देता है। जब इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को कुछ समय के लिए रोक देता है, तो उसे भूख और प्यास की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद लोगों के करीब ले जाता है। रमजान हमें सिखाता है कि इबादत और इंसानियत एक दूसरे से अलग नहीं है। अल्लाह की इबादत दिल को साफ करती है और इंसानों की सेवा उस इबादत को पूरा करती है। इसी वजह से इस महीने में जकात, सदका और फित्रा जैसे काम समाज में बराबरी और हमदर्दी का माहौल बनाते हैं। इसी मुकद्दस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत, अमन और भाईचारे का संदेश देता है।

## झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहने की अपील


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना (प्रकाशन के लिए)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से. बरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे. दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-30-RT** के आधार पर ई– निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण: | 'Removal, fitment, maintenance and repairing of Battery box of WAP5, WAP7 AND WAG9 locomotive during inspection Schedule/Unscheduled visit for a period of 36 Months at Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत: | ₹45,31,235.50 |
| 3. | धरोहर राशि: | ₹90,600.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय: | 20-03-2026 (15:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय: | 20-03-2026 (After 15:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है: | www.ireps.gov.in |

नोट: (1) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
(ii) सभी नियमो और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
(iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्या: 230-TRS-GZB-2024-25-30-RT दिनांक: 17/02/2026 571/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरकारी भूमि विवाद ने पकड़ा तूल, नगर पालिका पिलखुवा पर कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** क्षेत्र के शैलेश फार्म कॉलोनी इलाके में सरकारी भूमि पर चारदीवारी को लेकर विवाद गहरा गया है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पिलखुवा पर उस भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है, जहां वर्षों से नवजात मृत बच्चों को दफनाया जाता रहा है। मामले को लेकर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौके पर एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई रोकने की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि उक्त भूमि लंबे समय से नवजात बच्चों के दफन के लिए निर्धारित रही है और स्थानीय समाज की आस्था से जुड़ी हुई है। आरोप है कि अब नगर पालिका द्वारा वहां चारदीवारी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है, जिसे लोग अवैध अतिक्रमण बता रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह केवल जमीन का नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक आस्था का विषय है, जिसे नजरअंदाज कर प्रशासन जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। आंदोलन में शामिल स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनोज प्रताप सिंह तोमर उर्फ मनोज हेडली ने नगर पालिका की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य तत्काल नहीं रोका गया तो क्षेत्रवासी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की जाएगी। दूसरी ओर नगर पालिका के अधिकारी इस मामले में स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और जनपद हापुड़ प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र समाधान निकालेगा।

## अमेरिका ट्रेड डील पर किसान पंचायत की हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत तहसील परिसर में आयोजित हुई, जिसमें अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील, आवारा पशु, गन्ना भुगतान और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर किसानों ने तीखी नारा. जगी जताई। पंचायत की अध्यक्षता सरदार संतोष सिंह ने की, जबकि संचालन मेरठ मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी ने किया।

मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील भारतीय किसानों के साथ बड़ा धोखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो देशभर में आंदोलन तेज किए जाएंगे और एक बार फिर दिल्ली घेरने की तैयारी होगी। उन्होंने कहा कि किसान और मजदूर को किसी भी कीमत पर भूखा नहीं मरने दिया जाएगा। पंचायत में आवारा पशुओं का मुद्दा



भी प्रमुखता से उठा। मेरठ मंडल मुख्य महासचिव दिनेश त्यागी ने घोषणा की कि 20 तारीख को गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक में आवारा पशुओं को ले जाकर घेराव किया जाएगा।

किसान नेताओं ने मांग की कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य MSP की गारंटी दी जाए और ट्रेड डील जैसे निर्णयों को तुरंत वापस लिया जाए। मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह ने सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके पुख्ता सबूत होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पंचायत में मौजूद किसानों ने एक स्वर में 'जय जवान जय किसान' के नारे लगाए और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## हापुड़ में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, लखनऊ लाठीचार्ज पर फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला व शहर पदाधिकारियों ने गुरुवार को हापुड़ नगरपालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर एकत्रित होकर लखनऊ में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में धरना दिया और नारेबाजी कर राज्य सरकार की कड़ी निंदा की।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का आहवान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किया था, जिस पर प्रदेश भर से कांग्रेसजन पहुंचे। आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार करते हुए लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि पार्टी इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और लोकतांत्रिक अधिक. ारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा से जुड़े मजदूरों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी और जब तक योजना को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी गरीबों, वं. चतों, शोषितों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। धरने में जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, डा. वी.सी. शर्मा, रामप्रसाद जाटव, अमरनाथ प्रधान, पूरणमल आनंद, कय्यूम अली, डा. महबूब, नरेश कुमार भाटी, यशपाल




ढीलोर, मोहम्मद नफीस, लाल बहादुर, गौरव गर्ग, कपिल शर्मा, संजय छाबड़ा, अनुज कुमार एडवोकेट, प्रवीण शर्मा, रविन्द्र गुर्जर, अजाल सलमानी, कुसुम लता, लोकपाल सागर, दिव्यांशु चतुर्वेदी, अनूप कर्दम, राजेंद्र कुमार, विनोद कर्दम, देवेंद्र कुमार, संदीप वर्मा, डा. असरार अहमद, डा. साजिद अली, जस्सा सिंह, गोपाल भारती, महबूब अली सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देशभक्ति के रंग में रंगा जीएस विश्वविद्यालय, शिवाजी जयंती पर अद्भुत प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को छत्रपति शिवा. जी महाराज की 396वीं जयंती उत्साह, श्रद्धा और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ, जिसके बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. नेहा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति डा. यतीश अग्रवाल, डीन डा. प्रदीप गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक शरद गोयल तथा मुख्य अस्पताल प्रशासक डा. एस. कुमार सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिवाजी महाराज के



जीवन से जुड़े साहस, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। विद्यार्थियों के जोश और आत्मविश्वास से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कुलपति डा. यतीश अग्रवाल ने कहा कि विश्व. विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है और हमें सदैव राष्ट्रसेवा की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को महान विभूतियों के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. नेहा शर्मा ने आयोजन की सफलता पर सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव सुमित सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज शिशोदिया, उपनिदेशक एस. एन. सिंह, विभिन्न विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ऑनलाइन ठगी हुई रकम पुलिस की सक्रियता से खाते में लौटे 2.18 लाख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली की साइबर क्राइम टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित के 2,18,000 रुपये उसके बैंक खाते में वापस कराए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और सराहना की। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशानुसार जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर सैल थाना सिम्भावली ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग समन्वय के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी रकम ट्रेस कर वापस कराई। पुलिस के अनुसार बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से टीम लगातार सक्रिय है। पीड़ित इरफान पुत्र असरफ निवासी ग्राम वैट, थाना सिम्भावली ने बताया कि साइबर ठगी के माध्यम से उनके खाते से 2,18,000 रुपये निकाल लिए गए थे। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और पूरी धनराशि वापस दिलाई। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# मकदूम खान की गिरफ्तारी पर भड़के सपाई



**पीलीभीत।** सपा जिला उपाध्यक्ष पर उनके ईंट भट्टे पर कार्य करने उन्नाव के गुलहेरिया क्षेत्र के ग्राम धवानी निवासी मिथुन कुमार ने अमरिया क्षेत्र के धुंधरी गांव स्थित सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां पर बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाया जिसके बाद पुलिस ने मकदूम खान और उनके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जिससे समाजवादी पार्टी के नेता और पदाधिकारी भड़क गए। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने जिला उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरूपयोग बताते हुए विरोध किया।

गुरुवार को दर्जनों सपाइयों ने पैदल जुलूस निकालकर पुलिस की कार्यवाही का विरोध करते हुए एडीएम एफआर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ईंट भट्टे पर काम करने वाले श्रमिक के साथ मारपीट और धमकाने के मामले में अमरिया पुलिस ने सपा के जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां और उनके भाई को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को शांति भंग में चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बुधवार रात को श्रमिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। सपाइयों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। ज्ञापन के दौरान पूर्व राज्यमंत्री फूल बाबू, जिला महासचिव नफीस अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष एड सुधीर तिवारी, अधिवक्ता अमित पाठक सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पीलीभीत।** बृहस्पतिवार सुबह समय करीब 10.30 बजे असम हाईवे पर ग्राम कैंच के समीप आदर्श इंटर कॉलेज के सामने एक बाइक एचएफ डीलक्स यूपी 26 एएन / 1281 सवार विजय शुक्ला पुत्र राम रघुवीर शुक्ला निवासी मोहल्ला ट्रांसपोर्ट नगर काशीराम कॉलोनी थाना सुनगढ़ी उम्र करीब 35 वर्ष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक चालक थाना क्षेत्र के ग्राम लौकहा से पीलीभीत वापस जा रहा था। जिससे विजय शुक्ला की मौके पर की मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना गजरौला पुलिस द्वारा मौके पर जाकर मृतक के शव को जिला मोर्चरी भेज दिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ब्रजवासियों ने पुण्य तिथि पर गालिब को किया याद

**मथुरा।** एएचएम स्कूल चंदन वन में मिर्जा गालिब के इंतकाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में याद करते हुए ब्रजवासियों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता तनवीर अहमद खान ने कहा कि बृजवासी मिर्जा गालिब को उसके जन्म दिवस पर बार-बार याद करते हैं। उस महाकवि का चमत्कार ही कुछ ऐसा है जिसके काव्य को भुलाया नहीं जा सकता शताब्दियाँ जिसको दोहराती रहेंगी और जिस पर शोधकर्ता अपने शोध ग्रंथ प्रस्तुत करते रहेंगे। संच. ालक प्रिंसिपल जिया उल हक ने कहा कि हमें भारत भूमि के महान कवियों जैसे कालिदास, अमीर खुसरो, कबीर,गालिब, टैगोर,सरोजिनी नायडू, महादेवी वर्मा और अब्दुल रहीम खान खाना को बार-बार याद करते रहना चाहिए ताकि हमारे आने वाली नस्ल देश के साहित्य इसका गुणगान करते रहें। मुख्य वक्ता डॉ.जैड हसन ने ना सुनो गर बुरा कहे कोई ,ना कहो गर बुरा करे कोई ।रोक लो गर गलत चले कोई, बख्श दो गर खता करे कोई काव्य पाठ पुस्तुत किया। जिस पर उन्होंने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।डॉक्टर अबरार ने गालिब की गरीबी का जिक्र किया। गफ्फार अब्बास एडवोकेट व निसार खान ने मिर्जा गालिब के पुस्तकालय की दीवार पर लगे चित्र देखें।

## संस्कृति में विशेषज्ञ वक्ता ने बताए कृषि क्षेत्र में कैरियर के अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा "एग्रीकल्चर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट के लिए करियर के मौके" विषयक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि कृषि क्षेत्र में स्नातक और परास्नातक की डिग्री लेने के बाद कैरियर के लिए कौन-कौन से मौके उपलब्ध हैं। इस उपयोगी कार्यक्रम के दौरान आईएसएबी, ग्रेटर नोएडा के संस्थापक सुरभ पांडे ने बताया कि आज के दौर में कृषि क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव आ रहा है। कृषि क्षेत्र में नए-नए शोध और नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इन शोधों और प्रयोगों से कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में काम करने और अपना कैरियर बनाने के अनेक मौके उपलब्ध हैं। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत योग और मेडिटेशन से की, और बताया कि ये प्रैक्टिस सभी को शांति और अच्छी हेल्थ देती हैं। उन्होंने भारत और दुनिया भर में एग्रीकल्चर सेक्टर के बड़े और बढ़ते दायरे पर जोर दिया। सरकारी सेक्टर की नौकरियों, रिसर्च और एकेडमिक करियर, एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट और मल्टीनेशनल एग्री-इनपुट कंपनियों में मौके, एग्री-स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप, एग्री-टेक, डिजिटल एग्रीकल्चर, डेटा-ड्रिवन फार्मिंग, एग्री-कंसल्टेंसी, और बैंकिंग, इंश्योरेंस और रूरल डेवलपमेंट सेक्टर में करियर समेत कई करियर मौकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञ वक्ता सुरभ पांडे ने स्किल डेवलपमेंट, इंडस्ट्री एक्सपोजर, इंटर्नशिप, कम्युनिकेशन स्किल और कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी के महत्व पर भी जोर दिया। स्टूडेंट्स को एग्रीकल्चर इंडस्ट्री की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए इनोवेशन, प्रॉब्लम-सॉल्विंग एबिलिटी और प्रैक्टिकल नॉलेज पर फोकस करने के लिए बढ़ावा दिया। उन्होंने क्लाइमेट-स्मार्ट एग्रीकल्चर, सस्टेनेबल खेती के तरीके, एग्री-एक्सपोर्ट पोटेंशियल और वैल्यू-चेन डेवलपमेंट जैसे उभरते ट्रेंड्स पर अपनी राय शेयर की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपको नौकरी ढूंढने के स्थान पर स्वयं उद्यमी बनकर तमाम लोगों को नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करके आप अपना और तमाम और विद्यार्थियों का भला कर सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में एक एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बीएससी (एग्रीकल्चर) के छात्र श्रीयांश गुप्ता ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान छात्रा महक अग्रवाल को और तीसरा स्थान छात्र वाई। ( एग्रीकल्चर) ने हासिल किया। प्रोग्राम का अंत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. कंचन कुमार सिंह के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने मिस्टर सुरभ पांडे को उनकी कीमती जानकारी के लिए धन्यवाद दिया।

## बाबा बनखंडी नाथ मंदिर जोगी नवादा में धूमधाम से मनाया गया श्री राधा कृष्ण का विवाह उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बाबा बनखंडी नाथ मंदिर जोगी नवादा पर श्री राधा कृष्ण जी का विवाह उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ कार्यक्रम में पहले प्रातः 8रू00 बजे से विधि विधान से राधा कृष्ण जी का पूजन संपन्न हुआ तदुपरांत मनोकामना मंदिर दोहरा रोड से श्री राधा कृष्ण जी की भव्य बारात बाबा बनखंडी नाथ मंदिर प्रांगण पर आई बारात में बड़ी संख्या में पीले वस्त्र पहने मातृशक्ति ने बैंड बाजे व डीजे की भजनों की धुन पर जोरदार नृत्य किया। बारात की भव्यता देखते ही बन रही थी आगे डीजे उसके उपरांत बरेली का हिंदू बैंड उसके बाद बड़ी संख्या में मातृशक्ति और उसके पीछे एक सिंहासन पर राधा रानी विराजमान थे रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने व्यापारियों ने बारात का फूलों की वर्षा कर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। बारात के मंदिर प्रांगण में आने उपरांत सभी भक्तों ने पुन युगल सरकार का पूजन किया और सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल मौजूद रही। जिन्हें पंडित राजेंद्र प्रसाद मेडिकेयर हॉस्पिटल के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने स्मृति चिन्ह दिया। कीर्ति पांडे ने अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में वंदना शर्मा, राजीव शर्मा, रेनू शर्मा दीपक शंकदार, प्रवेश कुमार पांडे, निखिल पांडे, दिनेश चंद पांडे, डॉक्टर दीप शिखा शर्मा, वंदना पांडे आदि मौजूद रहीं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर अत्याचार का लगाया आरोप

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश कॉन्ग्रेस के 17 फरवरी को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून का नाम बदल कर गांधी विरोधी मानसि. कता को प्रदर्शित किया मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को खत्म कर दिया जिसके विरोध के लिए पूरी यूपी से कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ में मनरेगा बचाओ संग्राम में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने से रोकने के प्रयास किये घेराव में कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमनकारी यूपी सरकार द्वारा अत्याचार करने हाउस अरेस्ट करने विधानसभा घेराव करने से रोकने और कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घायल हुए सरकार की दमनात्मक कार्यवाही के विरोध करने के लिए प्रांतीय आवाहन पर कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता देवहा नदी के पास स्थित राजघाट पर गांधी प्रतिमा पर मौन रहकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया गया कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कॉन्ग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा शहर कॉन्ग्रेस अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने किया।पूर्व शहर अध्यक्ष अभिनव गुप्ता गोल्डी ,जिला महासचिव नागेश पाठक,जिला सचिव नरेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह मौर्य, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, किरन पाल सिंह, यूथ कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष संदीप गंगवार, नफीसा, मुन्नी, जीतू, लेख राज राठौर, नंद किशोर,गौरव शर्मा, लालबहादुर, श्री कृष्ण वर्मा आदि लोग उपस्थित रहें।

# यंग लॉयर्स फोरम ने नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों का किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** यंग लॉयर्स फोरम इंडिया, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी के नेतृत्व में बुधवार को नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन मथुरा के पदाधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाम 7 बजे द बी हाइव स्कूल के खेल मैदान में संपन्न हुआ।इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय से आए अधिवक्ताओं एवं मथुरा बार के पदाधिकारियों का पटुका उढ़ाकर तथा उन्हें नन्हें पौधे (प्लांटर्स) भेंट कर स्वागत किया गया। पौधे भेंट करते हुए सार्थक चतुर्वेदी ने कहा कि ये छोटे-छोटे पौधे हमारे पर्यावरण और भविष्य की नींव हैं। उन्होंने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं से अपील की कि वे इन पौधों को अपने घर के आंगन में लगाएं और यंग लॉयर्स फोरम की ओर से मिले इस स्मृति को प्यार से पल्लवित और पोषित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम इन पौधों को सींचकर हरा-भरा रखेंगे, उसी प्रकार हमें अपने पेशे और समाज को भी समृद्ध बनाना है। सार्थक चतुर्वेदी ने कहा हमारे युवा साथी भी इसी नन्ने पेड़ की तरह हैं, जिनको सीं. चना हमारा कर्तव्य है।सार्थक चतुर्वेदी ने कहा कि इस बार चुनकर आए प्रत्याशी इतने वर्षों में पहली बार, मथुरा बार एसोसिएशन के सबसे युवा सदस्य हैं, जो मथुरा बार एसोसिएशन के लिए गौरव की बात है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा ऊर्जा और नेतृत्व ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले कर जा सकता है।कार्यक्रम में पूर्व बी सी डी सचिव राजेश मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सुखद संयोग है कि इस मंच पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव के साथ-साथ पिछले वर्ष के पदाधिकारी भी उपस्थित हैं, जो बार एसोसिएशन के इतिहास में बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने यंग लॉयर्स फोरम के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के समारोह अधिवक्ताओं में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर बार एसोसिएशन मथुरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष श्री राघवेंद्र सिंह, सचिव श्री मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष श्री राजकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव श्री सुरेंद्र शर्मा, ऑडिटर श्री देवकीनंदन शर्मा एवं कोषाध्यक्ष श्री विनोद शर्मा शामिल थे ।सम्मान समारोह के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राघवेंद्र सिंह ने कहा कि यंग लॉयर्स फोरम द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सुंदर और भव्य रहा। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में इस तरह का आयोजन वाकई सराहनीय है और इसके लिए वे पूरी फोरम टीम को धन्यवाद देते हैं।

वहीं नवनिर्वाचित सचिव श्री मनोज शर्मा ने कहा कि उनकी पूरी टीम बार एसोसिएशन के हित में सकारात्मक कार्य करेगी।

# 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में करीब एक दर्जन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए बम धमाके की धमकी की सूचना भेजी गई। ईमेल मिलते ही हड़कंप मच गया। सीबीएसई परीक्षा के दौरान इस प्रकार की धमकी से अभिभावकों में चिंता की लहर फैल गई है। ईमेल की जानकारी मिलते ही नोएडा पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने सघन जांच शुरू कर दी। स्कूल परिसरों को एहतियातन खाली कराया गया है। छात्रों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वहीं, ईमेल भेजने वाले की तलाश में साइबर टीम जुट गई है। अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। नोएडा पुलिस ने अफवाहों से बचने की अपील की है।

नोएडा के स्कूलों को एक बार फिर हॉक्स मेल का मामला सामने आया है। स्कूलों को भेजे गए ईमेल में बम से उड़ाने की धमकी दी गई। स्कूलों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस टीम मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। इसके बाद जांच की प्रक्रिया को शुरू किया गया। पुलिस टीम डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड टीम के साथ स्कूलों में पहुंची। स्कूलों को पूरी तरह से खंगाला गया।

**परीक्षाओं के कारण गरमाया मामला:** दरअसल, स्कूलों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। अभी सीबीएसई ओर यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। इस कारण स्कूलों में बच्चों के सेंटर पड़े हुए हैं। धमकी भरे ईमेल का मामला सामने आने के बाद परीक्षार्थियों, छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई। हालांकि, अब तक इस मामले में किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई है।

**स्कूल के मैदान में दिखे बच्चे:** स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस की जांच शुरू हुई। स्कूल प्रबंधन की ओर से भी एहतियात बरती गई। तत्काल बच्चों को कक्षाओं से निकाल कर मैदान में ले जाया गया। वहां शिक्षकों की मौजूदगी में बच्चे मैदान में एक स्थान पर खड़ दिखाई दिए। इसके बाद जांच की प्रक्रिया को पूरा कराया गया।

**पिछले दिनों पकड़ाया था गिरोह:** नोएडा में पिछले दिनों स्कूलों को बम धमकी वाला ईमेल भेजने वाले गैंग कौज्थ ने पकड़ा था। एसटीएफ ने नेपाली मूल के केदारनाथ, लेखनाथ शर्मा, अमीस जंग कारकी समेत अनंत कुमार, दिव्यांशु और साहिल कुमार को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों ने 23 जनवरी को स्कूलों को थ्रेट ईमेल भेजा था। यह हॉक्स मेल अमेरिका से जनरेट किया गया था।

हालांकि, उसका रिकवरी लिंक नोएडा के एक फर्जी कॉल सेंटर से जुड़ा मिला। यहीं से ऑनलाइन बेटिंग ऐप के नाम पर अमेरिका, नेपाल और भारत के लोगों से ठगी की जाती थी। डिजिटल ट्रेल के आधार पर एसटीएफ ने गिरोह का भंडाफोड़ किया था। अब एक बार फिर इसी प्रकार का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर 400 करोड़ से बनेगा हाइपरस्केल डेटा सेंटर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** उत्तर भारत में डिजिटल अवसंरचना को नई मजबूती मिलने जा रही है। बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 5 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। इस परियोजना में लगभग 400 करोड़ का निवेश दो चरणों में किया जाएगा।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश सिंह ने गुरुवार को कंपनी को 5 एकड़ भूमि आवंटन हेतु आशय पत्र सौंपा। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया, आईएएस भी मौजूद रहे। कंपनी के प्रतिनिधियों के अनुसार, प्रस्तावित डेटा सेंटर में दो आधुनिक भवन बनाए जाएंगे, जिनमें करीब 7000 सर्वर रैक स्थापित किए जाएंगे। परियोजना का नेतृत्व कैलटेक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र करण गुप्ता करेंगे। भूमि हस्तांतरण के 18 माह के भीतर व्यावसायिक संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के पूर्ण संचालन पर लगभग 100 कुशल पेशेवरों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। यह डेटा सेंटर उच्च घनत्व डिजिटल सेवाओं और तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।ए) क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

कंपनी ने बताया कि परियोजना में हरित ऊर्जा समाधान, उन्नत कूलिंग तकनीक और ऊर्जा-कुशल पावर सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, जिससे बिजली खपत कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। अधिकारियों के मुताबिक, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा की निकटता और विकसित फाइबर नेटवर्क का लाभ इस परियोजना को मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र को उत्तर भारत के उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# किसानों का मुआवजा बढ़ेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आगामी विकास परियोजनाओं के लिए जमीन देने वाले क्षेत्र के किसानों को मुआवजा वृद्धि का लाभ मिलेगा। इससे संबंधित प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद किसानों को अधिक मुआवजा मिलने लगेगा। इससे जमीन खरीद में तेजी आएगी। मुआवजा बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव शासन को पहले ही भेजा जा चुका है। ग्रेटर नोएडा में मौजूदा मुआवजा दर 4,125 रुपये प्रति वर्गमीटर है।

किसानों के हित को देखते हुए उच्चाधिकारी इस बार मुआवजा दर में अच्छी खासी वृद्धि करने के बारे में सोच रहे हैं। साथ ही छह फीसदी आबादी भूखंड व अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी, ताकि सहमति के आधार पर किसानों से जमीन खरीदी जा सके। इसके लिए मुआवजा दर और बाजार दर का अध्ययन पहले ही कराया जा चुका है। बता दें कि इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुआवजा दर में 10 फीसदी की वृद्धि की गई थी। दरअसल उद्योग लगाने, आवासीय सेक्टर व संस्थागत सहित अन्य परियोजनाओं के लिए प्राधिकरण एक बड़ा लैंडबैंक बनाना चाह रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा भी इस संबंध में आदेश दिए गए हैं, ताकि इच्छुक निवेशकों को जमीन आवंटित की जा सके। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट व अन्य बुनियादी सुविधाएं बेहतर होने की वजह से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां निवेश के लिए आगे आ रही हैं। जमीन की उपलब्धता न होने की वजह से सड़कों का निर्माण सहित कई अन्य परियोजनाएं अटकी पड़ी हैं। मुआवजा बढ़ने से जमीन खरीदने के कार्य में तेजी आएगी। प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र के 21 गांवों में किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदने के लिए बीते साल सूचना प्रकाशित की थी। गांवों में शिविर लगाया गया, लेकिन किसान 4,125 रुपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं। मुआवजा बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारी शासन को पूरी स्थिति से अवगत करा चुके हैं। मुआवजा राशि में कितनी वृद्धि होगी, इसका पता बाद में चल पाएगा। प्राधिकरण के सीईओ के मुताबिक आगामी बोर्ड बैठक में मुआवजा बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव रखा जाएगा।



> विकास परियोजनाओं के लिए किसानों से खरीदी जाने वाली जमीन का मुआवजा बढ़ाने की तैयारी चल रही है। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जमीन मिलने से प्रस्तावित परियोजनाओं को गति मिलेगी।
>
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा।**

# हग-डे पर पति को मरवा डाला, दो साल से बीवी दे रही थी धोखा, गांव के युवक से थे अवैध संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली पुलिस ने कठहैरा रोड स्थित शिव वाटिका कॉलोनी के पास मिले अज्ञात शव के मामले का मात्र 72 घंटे में सफल अनावरण करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक की पत्नी भी शामिल है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी घायल हुआ है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बाका (आलाकत्ल), एक तमंचा, कारतूस का खोखा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को कठहैरा रोड शिव वाटिका कॉलोनी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, पंपलेट वितरण और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये मृतक की पहचान गोविन्द रावल उर्फ भूरा निवासी गांव घोड़ी बछेड़ा दादरी के रूप में हुई। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने तत्काल चार टीमों का गठन किया और अलग-अलग बिंदुओं पर जांच शुरू की।

गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या में शामिल आरोपी कोट नहर से गांव चक्रसेनपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर देखे गए हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें नफीस घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। उसके साथ रोहित रावल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बाका, हथियार, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल धर्मेन्द्र पुत्र और मृतक की पत्नी प्रीति देवी को भी गिरफ्तार कर लिया।



**अवैध संबंध बने हत्या की वजह, प्रेमी के साथ रची कत्ल की साजिश:** पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मुख्य आरोपी रोहित रावल ने बताया कि मृतक गोविन्द रावल उसके ही गांव का रहने वाला था। शराब के नशे में अपनी पत्नी प्रीति देवी के साथ मारपीट करता था। करीब दो वर्ष पूर्व रोहित और प्रीति के बीच अवैध संबंध स्थापित हो गए थे। दोनों ने मिलकर गोविन्द को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

**हग-डे के दिन प्रेमी रोहित ने अपने साथियों के साथ साजिश को दिया अंजाम:** 12 फरवरी (वेलेंटाइन वीक के तहत इस दिन को हग-डे के रूप में मनाया जाता है) को रोहित, गोविन्द को घर से बहाने से बुलाकर अपने मित्र धर्मेन्द्र की मोटरसाइकिल से दादरी ले आया। पहले से तय साजिश के अनुसार रोहित ने अपने साथी नफीस को जीटी रोड स्थित चिटहैरा पेट्रोल पंप के पास शराब के ठेके पर चाकू लेकर बुलाया। वहां से शराब खरीदकर तीनों एक खाली प्लॉट में बैठकर शराब पीने लगे।

जब गोविन्द नशे में धुत हो गया। तब रोहित ने उसके हाथ पकड़ लिए और नफीस ने बाके से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने शव को प्लॉट की बाउंड्री के पास डाल दिया और फरार हो गए। बाद में 15 फरवरी को रोहित और धर्मेन्द्र पुनः घटनास्थल पर पहुंचे और शव को वहां से हटाकर कुछ दूरी पर छिपा दिया। जिससे पहचान और बरामदगी में देरी हो सके।

**रोहित रावल के खिलाफ दर्ज है 10 आपराधिक मामले:** पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी रोहित रावल का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरोपी नफीस के खिलाफ भी चोरी, धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड देखते हुए पुलिस पहले से उन पर नजर रखे हुए थी।

इस केस को सुलझाने में इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिर तंत्र की अहम भूमिका रही। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान कराने में भी मदद मिली। गठित चारों टीमों ने अलग-अलग पहलुओं पर तेजी से कार्य करते हुए साक्ष्य एकत्र किए, जिसके आधार पर आरोपियों तक पहुंचना संभव हो सका। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## एक नजर

### सगाई समारोह के दौरान तमंचे से फायरिंग, वेटर के पेट में लगी गोली

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात सगाई समारोह में अवैध तमंचे से हर्ष फायरिंग की घटना में वेटर के पेट में गोली लग गई। घायल वेटर को ग्रेनो के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर एक आरोपित को हिरासत में लिया है। घटना बिसरख गांव की है। गांव निवासी अंकित भाटी के घर में एक सदस्य का सगाई समारोह चल रहा था। इसी बीच एक युवक ने तमंचे से हर्ष फायरिंग कर दी।

गोली वेटर पुष्पेंद्र सिंह 18 निवासी विजयनगर कॉलोनी गाजियाबाद के पेट में जा लगी। घटना से मौके पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। घायल वेटर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। एडीसीपी आरके गौतम ने बताया घायल की हालत में सुधार है। मामले के जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अस्पताल के स्टोर से बिजली के तार चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल के स्टोर से बिजली के तार चोरी होने के मामले में सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपियों को मेट्रो स्टेशन सेक्टर-137 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मैनपुरी निवासी आशीष कुमार (22) व दो सगे भाई मैनपुरी निवासी आलोक सिंह (22), राजन (19) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी वर्तमान में याकूबपुर गांव में रहते हैं। इनके कब्जे से पुलिस ने 15 बंडल बिजली के तार, एक बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अस्पताल के मैनेजर नवीन कुमार ने सेक्टर-142 कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि अस्पताल के पीछे नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। बिजली कार्य के लिए तारों के करीब 70 बंडल बेसमेंट स्थित स्टोर रूम में रखे थे। मैनपुरी निवासी कंपनी के कर्मचारी आलोक, राजन, आशीष और शिवम पर आपसी मिलीभगत से स्टोर रूम से तारों के बंडल गबन कर लिया। जब संबंधित कर्मचारियों से सामान के बारे में पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और उसके बाद से ड्यूटी पर आना भी बंद कर दिया था। चोरी के बाद आरोपियों ने कुछ तारों के बंडल को बेचकर आपस में पैसों की बंदरबाट की थी। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी।

### बीटेक छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में चार आरोपियों को जमानत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी हॉस्टल में बीटेक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में अदालत ने चार आरोपियों को जमानत दे दी। सत्यनारायण पांडेय, सुधांशु उर्फ शेखर, रोहित भाटी, धर्म सिंह सिकरवार को जमानत मिली है। जबकि आरोपी टोनी उर्फ शुएब अली की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। अभियोजन के अनुसार झांसी निवासी विजय कुमार सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि था कि उदित सोनी ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र था। वह ईजेड स्टे इस्टनहाउस हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। 23 जनवरी 2026 की रात हॉस्टल पहुंचने पर वार्डन धर्मवीर और प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों ने लेट आने को लेकर पेनल्टी के नाम पर अवैध रुपयों की मांग की। घटना वाले दिन कहासुनी बढ़ने पर उदित को ऑफिस में ले जाकर लाठी-डंडों से मारपीट की गई। आरोप है कि मारपीट से आहत होकर छात्र ने अपने कमरे की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस की ओर से मामले में हॉस्टल वार्डन धर्मवीर, मैनेजमेंट के सदस्य शेखर, जोंटी, टोनी, रोहित भाटी, एसएन पांडेय, फईम, हॉस्टल के मालिक गौरव सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद चार आरोपियों को जमानत दी है। वहीं एक की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# 108 एंबुलेंस के स्टाफ की सूझबूझ से जान बची



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 63 थाना के चोटपुर कालोनी से 108 एम्बुलेंस सेवा को एक आपातकालीन कॉल आई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस संख्या यूपी32ईजी4842 निर्धारित समय में मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल चिकित्सीय सहायता देकर उसकी जान बचाई।

27 साल का अंशुल पुत्र संजय घायल अवस्था में पाए गए। स्थिति को गंभीर मानते हुए एम्बुलेंस की मेडिकल टीम ने बिना देरी किए प्राथमिक उपचार शुरू किया। ईआरसीपी डॉक्टर डॉ. प्रेमचंद के निर्देशानुसार ईएमटी जगपाल ने बूट केयर ड्रेसिंग के जरिए ब्लड को बहने से रोका। इसके बाद मरीज को स्थिर करने के लिए डाइक्लोरान इंजेक्शन दिया गया। पूरे उपचार के दौरान मेडिकल टीम ने मरीज के वाइटल्स की लगातार मॉनिटरिंग की, जिससे स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए रखी जा सके। टीम की तत्परता और तकनीकी दक्षता के चलते मरीज की स्थिति नियंत्रित बनी रही। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को सुरक्षित रूप से सेक्टर 39 जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसे आगे की चिकित्सीय देखभाल के लिए भर्ती कराया गया।

**समय पर मिला इलाज:** डॉक्टर के अनुसार समय पर प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुंचने से मरीज की हालत में स्थिरता बनी रही। यदि उपचार में देरी होती, तो स्थिति अधिक जटिल हो सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में ईएमटी जगपाल एवं एम्बुलेंस पायलट प्रवेश की त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय दोनों महत्वपूर्ण रही। दोनों की सतर्कता और कुशल प्रबंधन ने आपात स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने में अहम भूमिका निभाई।

# सेक्टर-137 में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन की मांग

**नोएडा।** शहर में लगातार बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अब चार्जिंग स्टेशन की समस्या खड़ी होती जा रही है। सीमित चार्जिंग स्टेशन के चलते उन्हें काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर उसके लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशंस के सचिव व एक्सोटिका फ्रेस्को सोसाइटी के महासचिव सुरोजीत दास गुप्ता ने सांसद डॉ महेश शर्मा को पत्र सौंपा है। इसके माध्यम से सेक्टर 137 में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की मांग की है, ताकि स्थानीय लोगों को अपने वाहन चार्ज करने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। सांसद ने इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर जल्द भूमि की पहचान कर चार्जिंग स्टेशन स्थापित कराने की बात कही है।

# फिल्म सिटी क्षेत्र में रजवाहे-कुएं से मिले गोवंश के अवशेष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित सेक्टर-21 में निर्माणाधीन फिल्म सिटी के पास गुरुवार दोपहर एक रजवाहे और कुएं में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और विरोध जताया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। एहतियातन क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

ग्रामीणों का दावा है कि फिल्म सिटी परिसर के अंदर स्थित एक अन्य कुएं में भी गोवंश के अवशेष पड़े हैं। घटना को लेकर लोगों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद ऐसी घटना होना गंभीर मामला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद अवशेषों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इलाके में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर सेक्टर-28 में 21 फरवरी को मुख्यमंत्री की प्रस्तावित सभा होनी है। ऐसे में इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा तैयारियां चल रही हैं, तब इस प्रकार की घटना चिंताजनक है।

# एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर एडवांट के समीप सड़क पार करते समय एक व्यक्ति कि हादसे में मौत हो गई। हादसे में घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक व्यक्ति के बेटे ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सेक्टर 142 थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यूपी के बस्ती जिले के रहने वाले अर्थ पांडे ने मुकदमा दर्ज करवाया है। अर्थ पांडे ने पुलिस को बताया 9 फरवरी को उसके पिता राकेश पांडे को एडवांट बिल्डिंग के सामने एक्सप्रेस वे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल राकेश को पुलिस ने नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया था। अस्पताल में 18 फरवरी को इलाज के दौरान राकेश पांडे की मौत हो गई। अब इस मामले में पुलिस ने राकेश पांडे के बेटे अर्थ पांडे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि एक्सप्रेस वे पर लगे सीसीटीवी की मदद से वाहन का पता लगाया जा रहा है। वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गांजा तस्कर गिरफ्तार

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी शहजाद के कब्जे से करीब 650 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह नियमित गश्त के दौरान सर्विस रोड पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शहजाद बताया। उसने स्वीकार किया कि वह पिछले कई महीनों से गांजे की तस्करी कर रहा था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए इस अवैध धंधे में शामिल हुआ था। वह कासना क्षेत्र में रहकर गांजे की अवैध सप्लाई करता था और दनकौर क्षेत्र में माल पहुंचाने के इरादे से आ रहा था।

# नोएडा फ्लॉवर शो में फूलों से बनाया केदारनाथ मंदिर

- **20 से अधिक स्टाल लगाए, 120 फूलों की प्रजातियों का प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने गुरूवार को फ्लावर शो की शुरुआत की। फ्लावर शो 22 फरवरी तक चलेगा। शो में 120 प्रजातियों के फूलों को रखा गया है। शो में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने फूलों- स्लपचर के साथ सेल्फी और फोटो खीची। उसके बाद नर्सरी पर जाकर पौधों की खरीदारी की। आकर्षण का केंद्र केदारनाथ मंदिर है। इसे फूलो से बनाया गया है। मंदिर के बाहर नंदी की प्रतिमा को बनाया गया है। इसके अलावा त्रिशूल, करेले से बना हाथी, लाइब्रेरी की बुक, प्यानों और अन्य सेल्फी पाइंट बनाए गए है। फ्लावर शो में प्रवेश निशुल्क है। इसके एक तरफ नर्सरी लगाई गई है तो दूसरी तरफ फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई।आकर्षण का केंद्र केदारनाथ मंदिर है। जिसे फूलों दसे बनाया गया गया है। ये 30 फीट लंबा एवं 40 फीट ऊंचा बनाया गया है।



शो का मुख्य द्वार भी केदारनाथ थीम पर है। ये 22 फीट लंबा और करीब 25 फीट ऊंचा होगा। इसके अलावा फूलों से त्रिशुल, डमरू एवं नंदी को केदार मंदिर के सामने स्थापित किया गया है। जिसकी 8 फीट लंबाई और 3 फीट ऊंचाई का होगी। करेले से 6 फीट के हाथी को बनाया गया है।

मुख्य पाथवे बास्केट सौन्दर्यकरण किया जाएगा। ये 07 फीट में बना है। बास्केट फॉर पोट्स फ्लॉवर भी 7 फीट में बनेगा। प्रवेश पाथवे द्वार एवं प्रवेश गार्डन द्वार 10 फीट लंबाई और 12 फीट ऊंचाई में बना है। टॉप बास्केट फ्लो 8 फीट लंबाई का निर्माण किया गया है । इसके अलावा ढोलक शेप (बास्केट सटेप), फ्लोरल रेप्लिका आफ मटका फ्लो, फ्लोरल रेप्लिका आफ बुद्धा लोटस और आकृतियां बनाई जाएंगी।

**इन संस्थानों ने लगाई प्रदर्शनी:** उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, दक्षिणी दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसमें हिस्सा ले रहे है।

**वाहनों के लिए पार्किंग चार्ज:** वाहनों के लिए पार्क के बाहर मुख्य सड़क पर पार्किंग बनाई गई है। यहां कार के लिए प्रति दो घंटे के लिए 20 रुपए और टू व्हीलर के लिए 10 रुपए रखे गए है। दो घंटे बाद प्रतिघंटा एडिशनल कार के लिए 10 रुपए और पांच रुपए लगाया जाएगा।

# स्वच्छ जलस्रोत की सौगात

## धामपुर शुगर मिल की पहल से ग्राम हर्रा में तालाब का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब की सफाई, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर उसका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तालाब पर शिलापट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, गज्जूपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह तथा चौधरी अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा का धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्राथमिक विद्यालय हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की।

धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित मोबाइल हेल्थ कैंप का उद्घाटन भी उप जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। इसके पश्चात पंडित सुनील शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर तालाब का विधिवत लोकार्पण संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, ग्राम प्रधान इंद्रवीर सिंह एवं चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने ग्रामीणों से तालाब की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की और इस पहल को पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि शुगर मिल समूह के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल की प्रेरणा से मिल प्रबंधन द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के गांवों में तालाबों का जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, सोलर लाइट एवं हैंडपंप की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक दो गांवों में तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जा चुका है, 200 सोलर लाइट और 15 हैंडपंप लगाए गए हैं। इसके साथ ही पिछले चार वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें इस वर्ष अब तक लगभग 18,500 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए हैं।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता देवी एवं शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। धामपुर शुगर मिल की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉपियां, किताबें, पेंसिल, रबर, कटर एवं रंगों की किट वितरित की गईं। विद्यालय के उपयोग हेतु दरी एवं ट्यूबलाइट भी भेंट की गईं।

कार्यक्रम में ग्राम हर्रा के रविपाल सिंह, राजवीर सिंह, मास्टर वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान पति ओमपाल सिंह, सौरभ चौहान, जतिन चौधरी, बृजपाल सिंह, सुमित, रणवीर सहरावत, शमशाद हुसैन, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रमजान मुबारक का महीना इंसानियत व हमदर्दी का पैगाम : मुफ्ती अरशद

### झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जमीयत उलेमा ए हिंद बिजनौर के जिला जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मौहम्मद अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की तरफ से रहमतों व बरकतों से भरा हुआ मुबारक महीना है। यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का पूरा संदेश लेकर आता है। यह इंसान को अपने रब से जोड़ता है और साथ ही उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी दिलाता है।

रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्म-संयम और तकवा (ईश्वर-भय व सजगता) की शिक्षा देता है। जब इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को कुछ समय के लिए रोक देता है, तो उसे भूख और प्यास की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद लोगों के करीब ले जाता है। रमजान हमें सिखाता है कि इबादत और इंसानियत एक दूसरे से अलग नहीं है। अल्लाह की इबादत दिल को साफ करती है और इंसानों की सेवा उस इबादत को पूरा करती है। इसी वजह से इस महीने में जकात, सदका और फित्रा जैसे काम समाज में बराबरी और हमदर्दी का माहौल बनाते हैं। इसी मुकद्दस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत, अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इसका उद्देश्य है कि इंसान अपने अंदर अच्छाई पैदा करे और दूसरों के लिए आसानी का जरिया बने।

रमजान का असली मकसद यह है कि हम अपने चरित्र को बेहतर बनाएं, झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहें, और हर इंसान चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो उसके साथ भलाई और हमदर्दी का व्यवहार करें। आज जब दुनिया में तनाव और दूनियां बढ़ रही हैं, रमजान हमें मौहब्बत, सब्र और आपसी सम्मान का रास्ता दिखाता है। इस पवित्र महीने में हम संकल्प लें कि अपनी इबादतों को सच्चाई और निष्ठा के साथ अदा करेंगे और इंसानियत की सेवा को अपना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य समझेंगे, ताकि समाज में अमन, भाईचारा और एकता को मजबूती मिल सके।

## एक नजर

### संजीव शर्मा 'बिजनौर रत्न' से सम्मानित



**नांगल सोती।** बिजनौरी महासभा हरिद्वार द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत निर्बल परिवार की कन्या का विवाह संपन्न कराने वाले समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा को 'बिजनौर रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके सामाजिक योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महासभा के संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर जिस प्रकार एक जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह कर सामाजिक दायित्व निभाया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज में नई चेतना और जागरूकता का संचार करते हैं। बिजनौरी महासभा हरिद्वार के संयोजक प्रमोद गिरि एवं मनोज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में जब लोग व्यक्तिगत स्वार्थ में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में संजीव कुमार शर्मा जैसे समाजसेवी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। उनका यह प्रयास सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने संजीव कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर ओमकार आजाद, मनोज शर्मा, मनोज गिरि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### बी.टैक का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** डा. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार ने 75.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सेठ ने 79.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 81.55 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 89.33 प्रतिषत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मगरमच्छ रेस्क्यू कर गंगा नदी में छोड़ा



**नांगल सोती।** रायपुर खास के निकट तालाब में पिछले कुछ दिन से मगरमच्छ देखा जा रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग सात- आठ फिट लंबा मगरमच्छ तालाब से निकलकर आबादी के समीप आ गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया।

### मॉर्निंग स्टार स्कूल में वार्षिकोत्सव

**नजीबाबाद।** मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल भागूवाला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल का वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। जिसमें पंडित कक्कूदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ सभी को आहुतियां प्रदान कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति की पहचान है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पढ़ाई कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने नैतिक व्यवहार को अच्छा बनाना चाहिए और सभी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक नौबहार सिंह एवं संचालन सोहराब हैदर जैदी ने किया। प्रधानाचार्य भवनाथ सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा



**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा ने स्योहारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक कर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्र बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए अन्यथा लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि ब्लॉक स्योहारा में 82,248 लक्ष्य के सापेक्ष 50,532 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जबकि 31,716 कार्ड शेष हैं। 25 नवंबर 2025 से चल रहा विशेष अभियान अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर मरैहल्ला-वार सूची भी उपलब्ध कराई गई है। योजना के अंतर्गत पात्र परिवार अंत्योदय राशन कार्ड धारक, श्रम कार्ड धारक, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवा सकते हैं। पंजीकरण नजदीकी सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में कराया जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जलभराव से जनजीवन बेहाल ग्रामीणों का सड़क पर प्रदर्शन



### समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बुढ़नपुर ब्लॉक के बहादुरपुर गांव में जलभराव और गंदगी की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं।

गांव की सड़कों पर जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं बुजुर्गों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाराज ग्रामीणों ने गंदे पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द जल निकासी व सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में बीना देवी, क्रांति देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, नन्ही, कुसुम देवी, हरि सिंह, अनिल कुमार, पुष्पराज सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान ने बताया कि उपलब्ध बजट के अनुसार गांव में चरणबद्ध तरीके से नाली व सड़क निर्माण कराया जा रहा है। शेष स्थानों की समस्याओं को भी जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक

## होली, रमजान व ईद आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आगामी होली रमजान और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में अमन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखने का संकल्प दोहराया।



बैठक में शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी, मौलाना अरशद हक्की, डॉ. यज्ञदत्त गौड़ एडवोकेट, अमित वर्मा, राजवीर त्यागी, राजपाल प्रजापति, मास्टर विजय पाल सिंह, डॉ. विनीत देवड़ा, वसीम प्रधान, इंतजार अहमद, प्रधान सलीम अहमद, केशव त्यागी सहित अन्य सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने त्योहारों के दौरान आपसी सहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचें। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं।

शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि नगर में मुस्लिम समाज की बड़ी आबादी होने के बावजूद हिंदू समाज के त्योहारों का पूरा सम्मान किया जाता है। होली के अवसर पर रंग खेलने के दौरान भी लोगों को एक-दूसरे का ध्यान रखने और सहयोग करने की नसीहत दी जाती है ताकि त्योहार खुशियों के साथ मनाया जा सके। मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि नगर हमारी साझा विरासत है और गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चाहे ईद हो या होली सभी धर्मों का सम्मान करते हुए प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना ही हमारी पहचान है।

डॉ. विनीत देवड़ा ने कहा कि स्योहारा नगर में लोग एक परिवार की तरह रहते हैं, जहां छोटा-बड़ा सभी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वहीं अमित कुमार वर्मा ने भी कहा कि नगर में सभी समुदाय मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं और यही आपसी एकता नगर की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर होते हैं और सभी को मिलकर इन्हें खुशी व शांति के साथ मनाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा नगरवासियों से भी शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही अमन कमेटी की बैठक में आए कई लोगों ने पुलिस प्रशासन से यह शिकायत भी की कि बैठक की सूचना नगर के सभी गणमान्य नागरिकों तक समय से नहीं पहुंच पाती है, जिसके कारण कई लोग बैठक में शामिल नहीं हो पाते। इस पर प्रशासन से भविष्य में व्यापक सूचना व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# काशीरामपुर में कैंसर से 25 से अधिक मौतें

### प्रशासन की टीम जांच को पहुंची, पानी के लिए नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर के बढ़ते मामलों और 25 से अधिक मौतों की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नजीबाबाद तहसील प्रशासन की एक टीम ने ग्राम का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की।



यह कार्रवाई सोमवार को एक स्थानीय अखबार में प्रकाशित हुई एक खबर के बाद हुई, जिसमें ग्राम में कैंसर से 25 लोगों की मौत और छह अन्य के पीड़ित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की थी। बुधवार को एडीओ कृषि विकास कुमार, हल्का लेखपाल अजब सिंह सैनी और सचिव महेश कुमार ग्राम सचिवालय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बुलाकर कैंसर पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने ग्राम में कैंसर से लगातार हो रही मौतों की पुष्टि की। लेखपाल अजब सिंह सैनी ने कैंसर से पीड़ित छह परिवारों के घरों का दौरा कर विस्तृत जानकारी हासिल की। निगम से लैब टेक्नीशियन विशाल कुमार ने जांच के लिए छह सरकारी हैंडपंपों से पानी के नमूने भी लिए। इन नमूनों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

ग्रामीण चंद्रशेखर, प्रदीप शर्मा, मगरूर अहमद और निसार सहित अन्य ग्रामीणों ने जांच टीम के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जांच से कैंसर के कारणों का जल्द पता चलेगा और बचाव के उपाय किए जा सकेंगे।

## मोहित बेनीवाल का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुलनगर निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी (शीरे वालों) ने एमएलसी/प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कपिल चौधरी के सैकड़ों समर्थकों ने मोहित बेनीवाल की लम्बी आयु और लम्बे राजनीतिक सफर की कामना की। इस मौके पर अर्पित गोयल, वीरेन्द्र राजपूत, सुमित अग्रवाल, सौरभ चौधरी, अंकित गुप्ता, बीडीसी गौरव लाम्वा, मन्जित सिंह, अजयपाल सिंह, विपिन बंसल, मौ. राशिद, मौ. आसकीन आदि मौजूद रहे।

## उप गन्ना आयुक्त ने मिनी हार्वेस्टर के सफल प्रयोग को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उप गन्ना आयुक्त द्वारा चीनी मिल पीबीएस फूड्स क्षेत्र का दौरा कर बसंतकालीन गन्ना बुवाई की तैयारियों और नवीन कृषि यंत्रों के प्रयोग का स्थलीय सत्यापन किया। उनके साथ जिला गन्ना अधिकार, चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक, गन्ना प्रबंधक और सचिव प्रभारी भी उपस्थित रहे।

प्रमुख निरीक्षण एवं सत्यापन बीज आरक्षण (एसजीके पोर्टल) के बारे में उप गन्ना आयुक्त ने एसजी के पोर्टल पर आरक्षित बीज की प्रगति की समीक्षा की। गन्ना विकास परिषद, चांदपुर द्वारा आधार एवं प्राथमिक पौधशालाओं का बीज पहले ही आरक्षित किया जा चुका है और चीनी मिल को भी फीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण (ग्राम कुलचाना) रहा जबकि अधिकारीगण ने ग्राम कुलचाना मे भी पहुंचकर प्रगतिशील किसान अनेश कुमार सिंह के खेत पर कोशा 13235 और वीरेंद्र सिंह के खेत पर को. 0118 प्रजाति के आरक्षित बीज का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान आकर्षण का केंद्र मिनी हार्वेस्टर का प्रदर्शन रहा। निरीक्षण के दौरान मिनी हार्वेस्टर द्वारा गन्ने की कटाई का सजीव प्रदर्शन ग्राम कुलचाना मे किया गया, जिसे उपस्थित किसानों और अधिकारियों ने बेहद उपयोगी पाया।

गन्ने की खेती में मिनी हार्वेस्टर के मुख्य लाभ बताते हुए कहा कि इससे श्रम की बचत होगी और मजदूरों की कमी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

कम समय में अधिक कटाई जिससे प्रति एकड़ खर्च कम होता है। उन्होंने कहा कि सटीक कटाई के लिए यह मशीन गन्ने को जमीन की सतह से काटती है, जिससे पेड़ी (रटून) के फुटाव में सुधार होता है और उपज बढ़ती है।

यह मशीन आधुनिक ट्रेंच विधि से बोए गए गन्ने के लिए अत्यंत प्रभावी है।

# 'गुण एवं अवगुण' विषय पर अतिथि व्याख्यान

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति द्वारा 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : गुण एवं अवगुण' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं प्राध्यापकों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों, उसके सकारात्मक पहलुओं तथा संभावित चुनौतियों से अवगत कराना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के संमुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को बैज लगाकर उनका कार्यक्रम में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. रेशु शर्मा, असि. प्रो. शिक्षा विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक एवं कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 5+3+3+4 संरचना, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, बहु-विषयक अध्ययन, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट तथा व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे गुणों पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने नीति के कुछ संभावित अवगुणों एवं चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जैसे-ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता, भाषा संबंधी व्यवहा. रिक कठिनाइयां तथा प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौतियां। उन्होंने कहा कि नीति की सफलता उसके सही और समर्पित क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है और महाविद्यालय इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शताक्षी चौधरी द्वारा किया गया। अंत में समिति की समन्वयक डॉ. दयावती के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न कराने में समिति के अन्य सदस्य डॉ. मृदुल रानी, कु. शताक्षी शर्मा, डॉ. आबिदा खातून का सहयोग रहा। यह व्याख्यान छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड
शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने
सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** आसिफाबाद मार्ग पर मजदूरी कर घर वापस लौट रहे दो साइकिल सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक साइकिल सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि बुधवार देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम अमरसिहपुर निवासी हरिओम 48 वर्ष व बबली अपनी साइकिलों पर आसिफाबाद की तरफ से अपने गांव वापस आ रहे थे तभी नारगपुर गुरुकुल के पास पैराडाइज फार्म हाउस के सामने अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी।

जिसमें हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई। तथा बबली को गंभीर अवस्था में मेरठ नर्सिंग होम में के भर्ती किया है। हरिओम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हरिओम की पत्नी मुन्नी का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं तीन लड़कियों में एक लड़की काजल की शादी हो गई जबकि दो लड़की मीनाक्षी व रानी अविवाहित हैं। वहीं एक बेटा निशांत पढ़ाई कर रहा है हरिओम की मौत से परिवार में आर्थिक संकट पैदा हो गया है ग्रामीणों ने प्रशासन से परिजनों को आर्थिक मदद करने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# चोरों के साथ मिलकर पुलिस ने हड़प लिया सोना

## व्यापारी व सपा प्रवक्ता सन्नी गुप्ता ने लगाए आरोप, एससपी से की शिकायत

- प्रदेश सरकार की जीरो टालरेंस नीति पर उठाए सवाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** बीते वर्ष सर्राफा व्यापारी के यहां हुई करीब दो किलो सोना चोरी की वारदात के मामले में गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारी नेता व सपा प्रवक्ता सन्नी गुप्ता के साथ व्यापारियों ने थाना टीपी नगर पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर भी सवाल उठाए हैं और कहा कि थाना टीपी नगर पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों के साथ मिली भगत कर व्यापारी को नकली सोना बरामद करा दिया। उन्होंने इसे चोरों के द्वारा चोरी और पुलिस के द्वारा डकैती बताते हुए मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पीड़ित सर्राफा व्यापारी अजय जैन व अन्य व्यापारियों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे सपा प्रवक्ता सन्नी गुप्ता ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी कहे जाने वाली सराफा मार्केट के व्यापारी अजय जैन के यहां से दो साल पहले करीब दो किलो सोना चोरी हुआ था। जिसके जीएसटी बिल पीड़ित व्यापारी के पास मौजूद हैं, उन्होंने कहा कि इस मामले को दो साल हो गए इस दौरान अजय जैन ने कई बार थाना पुलिस के अलावा एसएसपी ऑफिस पर भी शिकायत की है, लेकिन वह आज तक इंसाफ के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जिनकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोना बरामद किया था। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के साथ मिलकर असली सोना हड़प लिया और नकली सोना बरामद दिखा दिया। जिसके सारे सबूत मौजूद हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा बरामद किया गया जो सोना अदालत में जमा है, वह नकली सोना है। सन्नी गुप्ता ने कहा कि सर्राफा व्यापारी जोकि उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की रीड कहलाता है, जब उन्हें इंसाफ नहीं मिल रहा तो आम आदमी का क्या होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस नीति की बात करते हैं, उन्हीं की सरकार में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस के द्वारा यह सब कुछ किया गया फिर भी पीड़ित व्यापारी को इंसाफ नहीं मिला। बल्कि वह दो साल से अपना सोना पाने के लिए चक्कर काट रहा है, और उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो यह कैसी जीरो टॉलरेंस नीति है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते हैं, तो पीड़ित व्यापारी अजय जैन तो हिन्दू ही हैं, प्रधानमंत्री उन्हें ही इंसाफ दिला दें।

### पुलिस ने पैसे की खतिर किया खेल

सपा प्रवक्ता और व्यापारी नेता सनी गुप्ता ने एसएसपी ऑफिस पर शिकायत देकर जिस तरह का आरोप लगाए हैं वह बेहद गंभीर है पुलिस ने जिस तरीके से असली सोने की जगह नकली सोना बरामद किया है उससे तो यह साफ जाहिर हो रहा है कि आखिर पैसे के लालच में किसी ने खाकी को बदनाम तो किया है लेकिन जिन अधिकारियों के पास यह शिकायत पहुंची है क्या वह खाकी के मान को बनाए रखने के लिए उन अपराधियों को खाक में मिलाएंगे जिन्होंने पैसे की खातिर अपने ईमान बेच दिया हैं और पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति को चकनाचूर कर दिया है।

# शोभित के छात्रों ने किया एआई इंपैक्ट समिट का शैक्षणिक भ्रमण





शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शोभित विश्विद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के बी.टेक, बीसीए, एमसीए एवं एम.टेक के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित एआई इंपैक्ट सबमिट 2026 में सक्रिय एवं प्रभावशाली सहभागिता की। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का समिट भारत मंडपम में आयोजित हुआ, जहां देश विदेश के अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता एवं नवप्रवर्तक एकत्रित हुए।

समिट में विद्यार्थियों ने मशीन लर्निंग, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, रोबोटिक्स, डेटा साइंस तथा विभिन्न उद्योगों को परिवर्तित कर रही एआई आधारित नवीन तकनीकों पर आयोजित तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं एवं लाइव डेमो में भाग लिया। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, वित्त एवं स्मार्ट गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर भी मिला, जिससे उन्हें वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं, कौशल विकास की दिशा तथा एआई एवं संबंधित क्षेत्रों में भविष्य की करियर संभावनाओं की गहन समझ प्राप्त हुई। विवि के कुलपति, प्रतिकुलपति एवं डीन एकेडमिक्स ने विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों से जुड़े राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने कहा, की एआई इंपैक्ट सबमिट 2026 में हमारे विद्यार्थियों की सहभागिता विश्व. विद्यालय की उद्योगोन्मुख शिक्षा नीति का सशक्त उदाहरण है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक परिवर्तन का आधार बन चुका है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव, शोध उन्मुख दृष्टिकोण एवं नवाचार की दिशा में अग्रसर करना है। ऐसे मंच विद्यार्थियों में तकनीकी नेतृत्व क्षमता एवं उद्यमिता के गुण विकसित करते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विजय माहेश्वरी एवं सुश्री हिमानी चौधरी ने किया, जबकि प्रखंड बी. टेक सीएसई तृतीय वर्ष के छात्रों ने समन्वय एवं छात्र प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फलावदा में युवती की अश्लील वीडियों बनाकर ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** कस्बे के एक युवक ने युवती के साथ गैंगरेप का प्रयास कर मोबाइल से अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करते हुए एक लाख रुपए व सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के लोगों ने युवती के साथ हुई घटना को लेकर एसएसपी को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिवारजन पीड़िता को थाने लेकर पहुंचे। करीब एक घंटा बाद सीओ मवाना पंकज लवानिया भी थाने पहुंचकर युवती के बयान लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं हिंदू संगठनों का आरोप है कि ऐसे युवक लगातार लड़कियों का शोषण कर रहे है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। वहीं पुलिस फरार आरोपी पर कार्रवाई के लिए तलाश में जुट गई है।

# मेरठ के किसानों से मिले ब्राजील के कृषि मंत्री

- प्राकृतिक खेती और पुनयोर्जी कृषि पर वैज्ञानिकों से की चर्चा, गुड़ का चखा स्वाद



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मोदीपुरम स्थित भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान में ब्राजील के कृषि मंत्री लुइज पाऊलो टेक्जीरा फेरीरा ने अपने प्रति निधिमंडल के साथ भ्रमण किया। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ प्राकृतिक खेती और पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने पर चर्चा की। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन डॉ. ए.के. नायक, सहायक महानिदेशक डॉ. ए. वेलमुरूगन और कृषि प्रणाली संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने मंत्री एवं प्रति. निधिमंडल का स्वागत किया।

मंत्री और उनके दल ने पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रकृति आधारित समाधानों और प्राकृतिक खेती पर वैज्ञानिकों के साथ गहन परिचर्चा की। ब्राजीली प्रतिनिधिमंडल ने कृषि प्रणाली संस्थान में प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत चल रहे मॉडल प्राकृतिक फार्म का भी भ्रमण किया। मिशन के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एन. रविशंकर ने प्रति. निधिमंडल को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक आगतों के उत्पादन और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चंद्रभानु ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किए जाने वाले आगतों के उत्पादन का प्रदर्शन किया और लघु एवं सीमांत किसानों के लिए विकसित किए गए मॉडल नेचुरल फार्म को भी दिखाया। मंत्री ने क्षेत्र के जाने-माने प्राकृतिक किसानों सुनील कुमार ग्राम धामौरी, मेरठ और विकास बालियान ग्राम भोरा-खुर्द, मुजफ्फरनगर के साथ प्राकृतिक खेती को लाभकारी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने किसानों द्वारा उत्पादित गुड़ और अन्य उत्पादों की विस्तार से जानकारी ली और उनका स्वाद भी चखा। भ्रमण के बाद ब्राजील के कृषि मंत्री ने भारत के वैज्ञानिकों एवं किसानों के साथ मिलकर पुनयोर्जी कृषि को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी आदान प्रदान में अपनी रुचि व्यक्त की। ब्राजीली प्रति निधिमंडल में मॉरिसियों पालीडोरी, मिस मिरांडा डी ओलिवेरिया, जोश क्रिस्मिनियानी जूनियर, इडवार्डो जागा और पुर्तगाली हिंदी-अंग्रेजी अनुवादक जसमीत सिंह चावला शामिल थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से गुलविना ने भी परिचर्चा में भाग लिया।

# हापुड़ रोड पर एक्सिस बैंक की नई शाखा का उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** हबीब प्लाजा हापुड़ रोड मेरठ में एक्सिस बैंक की नई शाखा का उद्घाटन करते पूर्व महानगर अध्यक्ष कांग्रेस जाहिद अंसारी पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती सैफी संघर्ष समिति के संस्थापक कय्यूम सैफी शाखा प्रबंधक अनवर अली जैदी हबीब प्लाजा के मालिक हाजी सलीम सैफी, मंजूर सैफी एक्सिस बैंक के महाप्रबंधक सौरभ महाजन आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शकील भारती ने कहा की इस क्षेत्र में 5 किलोमीटर की दूरी पर भी कोई बैंक की शाखा नहीं थी इसलिए इस शाखा के खुलने से व्यापारी वर्ग व आम जनता के लोगों को काफी लाभ मिलेगा तथा गरीब मजदूरों को इस शाखा के खुलने से काफी लाभ होगा वहीं कय्यूम सैफी ने कहा की एक्सिस बैंक की नई शाखा का उद्घाटन होने से लाखों लोगों को इसका फायदा मिलेगा पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा कि इस शाखा का बुनकर समाज के लोग भी काफी फायदा उठा सकेंगे।

# रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक पर लगाया एक करोड़ की ठगी का आरोप

## भगवान बुक डिपो के मालिक प्रवीण शर्मा ने मीडिया के सामने घटना का किया खुलासा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में आबूलेन के अबू प्लाजा में स्थित रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक पर एक करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगा है। यह आरोप भगवान बुक डिपो के मालिक प्रवीण शर्मा ने रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तन्मय अग्रवाल के ऊपर लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है।

बतादें कि मामला बुधवार का है, जब प्रवीण ने एक करोड़ रुपए लेने के बाद आभूषण दिल्ली करोल बाग इलाके के कृष्णा ज्वेलर्स को देने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करा कर गुरुवार तक का समय सुलझाने को दिया था। लेकिन मामला न सुलझने पर प्रवीण शर्मा ने सीओ केंट से मुलाकात कर मुकदमा दर्ज करने की मांग करने के बाद मीडिया से बात करते हुए बताया कि बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे वह एक करोड़ रुपए लेकर पुष्पेंद्र के साथ रघुनंदन ज्वेलर्स के यहां आभूषण लेने गए थे। जहां जाकर उन्होंने पता किया कि कृष्ण का फोन आया था तो तन्मय अग्रवाल ने बताया कि बात हो गई पेमेंट करवा दीजिए। पीड़ित ने बताया कि पचास-पचास लाख रुपए के दो बैग में उन्होंने तन्मय अग्रवाल को एक करोड़ दिए थे। जिन्होंने वहां मौजूद राजवीर को पेमेंट मशीन पर गिनने के लिए देकर उन दोनों को कुछ देर बैठने के लिए कहा उन्होंने बताया कि जब हमने एमटी ट्रांसफर करने की बात कही तो उन्होंने 15-20 मिनट का समय देकर हमें फिर से बैठने को कहा लेकिन जब हमने कहा कि अभी पेमेंट ट्रांसफर नहीं करना क्योंकि अभी तक हमारी एंट्री नहीं आई है। प्रवीण का आरोप है कि जब आभूषण नहीं मिले तब उन्होंने फिर इस बारे में पूछा तो तन्मय अग्रवाल ने कृष्णा ज्वेलर्स का जिक्र करते हुए कहा कि वह यहां मौजूद हैं। और वह उन्हें अच्छी तरह से जानता हूं। आरोप है कि कृष्णा ज्वेलर्स का नाम आते ही उन्हें शक हुआ कि वह यहां मौजूद हैं। और उन्हे इस बात की जानकारी ही नहीं कि उनका पेमेंट हो चुका तो फिर आभूषण अभी तक क्यों नहीं मिल पा रहे हैं। कुछ देर बाद तन्मय अग्रवाल ने कहीं फोन किया और उसके बाद कहा कि मैंने तो आभूषण कृष्णा ज्वेलर्स को दे दिए। इसके बाद प्रवीण शर्मा ने इसका विरोध किया कि पेमेंट उन्होंने किया और आभूषण किसी और को दे दिए गये तब तन्मय अग्रवाल ने नोटों के बैग अपनी गाड़ी में डालकर अपने ड्राइवर के साथ अपने आदमी को वहां से चलता कर दिया। तब उन्होंने जबरन उस गाड़ी को रोका। और अपना पेमेंट वापस मांगा तो तन्मय ने पेमेंट वापस दुकान में रखवा दिया जो कि अभी तक वापस नहीं किया गया है। प्रवीण का आरोप है कि जब इस मामले में वह थाने पहुंचे थे। तब थाने से गुरुवार का समय लेकर वापस भेज दिया गया था। और पुलिस ने भी तन्मय अग्रवाल से पेमेंट वापस लौटाने के लिए कहा था। लेकिन पेमेंट वापस नहीं मिला। प्रवीण का आरोप है कि उनके साथ यह एक करोड़ की ठगी की गई है, वह इस मामले में रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करायेंगे।

# चार बच्चों की मां युवक संग फरार, दो पक्षों के बीच तनाव

- महिला के पति ने युवक के घर पर हमला कर मां को बंधक बनाया
- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** घोसीपुरा गांव में चार बच्चों की मां के पड़ोसी युवक के साथ फरार होने के बाद दो पक्षों के बीच तनाव है। युवक के पिता ने आरोप लगाया कि महिला के पति ने अपने भाइयों के साथ मिलकर युवक के घर पर हमला किया। मारपीट की और पशु, नकदी व जेवरात लूट लिए। पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई।

घोसीपुरा निवासी उम्मीद ने बताया कि उनका बेटा सुहैल 21 साल बीती 9 फरवरी को पड़ोस में रहने वाली नाजिया के साथ फरार हो गया था। इसी रंजिश के चलते नाजिया का पति रिजवान अपने भाइयों शादाब, अरशद और अफताब के साथ 10 फरवरी को उम्मीद के घर पहुंचा। उस समय घर पर उम्मीद की पत्नी शाईस्ता घर पर अकेली थीं। आरोप है कि रिजवान और उसके भाइयों ने शाईस्ता के साथ मारपीट की और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। हमलावर एक भैंस, सात गाय, तीन बछड़े, करीब चार हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। उम्मीद के घर लौटने पर उन्होंने शाईस्ता को बंधनमुक्त किया और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित परिवार एसएसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पीड़ित पक्ष काफी डरा हुआ है। उन्होंने कप्तान से आरोपियों पर कार्रवाई के अलावा सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# निसान ने ऑल न्यू ग्रेवाइट को लॉन्च करने का किया एलान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत में ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को लॉन्च करने का एलान किया। बोल्ड और गेम चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के नए अध्याय की शुरुआत है। निसान एंड इनफिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं मिडिल ईस्ट, केएसए, सीआईएस एवं भारत के प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा कि ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की लॉन्चिंग नहीं है, बल्कि यह भारत में निसान के सतत् विकास के नए चरण की शुरुआत है। चेन्नई में हमारे अलायंस पार्टनर के साथ हमारी लोकल मैन्यूफैक्चरिंग और फ्यूचर रेडी प्रोडक्ट रोडमैप के साथ हम यहां प्रतिस्पर्धा करने, विकास करने और महत्वपूर्ण सेगमेंट में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

# ऋषभ एकेडमी में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा पूर्व में आयोजित सुलेख एवं कला प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। समारोह में विजेता विद्यार्थियों के अभिभावक एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी आमंत्रित रहे। कार्यक्रम के दौरान ऋषभ एकेडमी के प्रधानाचार्य शरद त्यागी ने अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संच. ालन तान्या अग्रवाल ने किया तथा संयोजन मेघा जैन ने संभाला। सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर सहित सभी पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# गोदरेज ने यूपी सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** गोदरेज कैपिटल ने अपनी सहायक कंपनी गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक रणनी. तिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि उत्तर प्रदेश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के इकोसिस्टम को सशक्त किया जा सके। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, पंकज गुप्ता, एमडी एवं सीईओ, गोदरेज फाइनेंस ने कहा, उत्तर प्रदेश का एमएसएमई आधार अत्यंत सुदृढ़ और विविध है, जो रोजगार सृजन और आर्थिक उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा उद्देश्य अपनी डिजिटल फर्स्ट ऋण क्षमताओं को राज्य के एमएसएमई विजन के साथ एकीकृत करना है, ताकि उच्च क्षमता वाले एमएसएमई, महिला उद्यमियों और युवाओं को सशक्त बनाया जा सके। हमारा मुख्य उद्देश्य समय पर ऋण की उपलब्धता को ठोस प्रगति में बदलना है।

# वैंकटेश्वरा के डॉक्टर्स एवं मेडिकल छात्रों ने किये सफलता के नये आयाम स्थापित: सुधीर गिरि



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** वैंकटेश्वरा समूह के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा है। वैंकटेश्वरा समूह के वैंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस (विम्स) के एम.बी.बी.एस. के छात्र-छात्राओ ने आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साईसेस दिल्ली कैन्ट द्वारा आयोजित ऑल इण्डिया कल्चर एवं स्पोटर्स फैस्टिवल ओरा-2026 में देश के अस्सी से अधिक सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजो के साथ हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में दो दर्जन से अधिक मेडल एवं सर्टीफिकेट जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। चारदिवसीय इस कल्चरल फैस्टिवल में जीतकर आये खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं देते हुए संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐं स्वास्थय एवं शानदार चिकित्सीय सेवाओ में सफलता के नित नये आयाम स्थापित कर रहे है। आज शानदार स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा शिक्षा में ऊंचे मापदण्ड स्थापित करने पर वैंकटेश्वरा देश के छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बना हुआ है।

आर्मी मेडिकल कॉलेज नयी दिल्ली द्वारा आयोजित इस ऑल इण्डिया कल्चरल एवं स्पोटर्स फैस्टीवल ओरा-2026 के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि के प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि इस चारदिवसीय फेस्टिवल में एकल नृत्य में अनुजा प्रथम, अनिकेत पन्त द्वितीय, युगल नृत्य में अनुजा एवं अनिकेत प्रथम, शिव तांडव में विम्स टीम प्रथम, एकल पाश्चात्य गायन में नियति तोमर प्रथम, हिन्दी रचनात्मक लेखन में अनिकेत पंत द्वितीय, पेन्टिंग में श्रेयास वानखेड़े द्वितीय एवं फुटबॉल में विम्स टीम उपविजेता रही, इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक में विम्स प्रथम, फेशन शो में विम्स प्रथम एवं बॉलीवाल में भी विम्स टीम ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विम्स के छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें डीन डॉ. संजीव एच भट्ट, एम.एस. डॉ. सुरेश मेहता, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, निदेशक अजय श्रीवास्तव, डॉ. सुप्रीति भटनागर, डॉ. पारस जमवाल, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. नेहा चौधरी, डॉ. सत्यम मैयानी, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज चौधरी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी दी पटखनी

**जबरदस्त प्रदर्शन जारी, टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर टीम**



**कोलंबो, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया को हराने वाले जिम्बाब्वे ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखते हुए आज श्रीलंका का भी शिकार कर लिया और टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया। ब्लेसिंग मुजारबानी, ब्रैड एवंस और ग्रीम क्रेमर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट ( नाबाद 63 ) कप्तान सिकंदर रजा (45 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप 38वें मुकाबले में श्रीलंका को तीन गेंदे शेष रहते छह विकेट से मात दे दी। जिम्बाब्वे के इस जीत के बाद सात अंक हो गये है और वह ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तडिवनाशे मारुमानी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नौवें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने तडिवनाशे मारुमानी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तडिवनाशे मारुमानी ने 26 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाए। 12वें ओवर में दसून शानका ने रायन बर्ल 12 गेंदों में 23 रन को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। जिम्बाब्वे का तीसरा विकेट सिकंदर रजा के रूप में 19वें ओवर में गिरा। सिकंदर रजा ने 26 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में दुशान हेमंता ने तालशगा मुसेकिवा (एक) को आउट कर अपना दूसरा विकेट झटका। लेकिन टोनी मुनयोंगा ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का और ब्रायन ने तीसरी गेंद पर चौका मारकर टूर्नामेंट का एक और बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने 19-3 ओवरों में चार विकेट पर 182 रन बनाए। ब्रायन बेनेट ने 48 गेंदों पर नाबाद 63 रन में आठ चौके लगाये। सिकंदर रजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नित्र्ाारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। पथुम निसंका और कुसल परेरा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। पांचवें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने कुसल परेरा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुसल परेरा ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने पथुम निसंका के साथ दूसरे विकेट लिए 46 रन जोड़े। 13वें ओवर में रायन बर्ल ने कुसल मेंडिस (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में ग्रीम क्रेमर ने पथुम निसंका का शिकार कर लिया। पथुम निसंका ने 41 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 25 गेंदों में तीन चौके व दो छक्के लगाए।

## भारत से मुद्दा जल्द सुलझाना चाहते हैं बांग्लादेश के नए खेल मंत्री

- **अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के नए खेल मंत्री अमीनुल हक, बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक हैं, उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं, यह बात उन्होंने मौजूदा पुरुषों के टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के हिस्सा न लेने का जिक्र करते हुए कही।

आम चुनावों के बाद बांग्लादेश की नई कैबिनेट के शपथ लेने के बाद अमीनुल ने कहा कि आज शपथ लेने के बाद, मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनके साथ टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। ष्यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, क्योंकि उनकी पिछली सरकार ने जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था कि वे इसके बजाय श्रीलंका में खेलना चाहते थे। घटनाओं का सिलसिला तब शुरू हुआ जब भारत सरकार ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से आईपीएल 2026 में एकमात्र बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से हटाने के लिए कहा, और आईसीसी द्वारा टीम को इस बड़े टूर्नामेंट से बाहर करने के साथ खत्म हुआ।

## संक्षिप्त खेल समाचार


### तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया। गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है। यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई। गॉफ 2001 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

### निराशाजनक अभियान का अच्छा अंत करना चाहेगी अफगानिस्तान

**चेन्नई, वार्ता।** डेड रबर मुक़ाबले अब अफ़ग़ानिस्तान के लिए नहीं रह गए हैं। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स को हराया था और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब थे। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराते हुए उन्होंने 2024 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। इस टी-20 विश्व कप में ग्रुप ऑफ डेथ का हिस्सा बनाए जाने पर उनके आगे जाने की पूरी उम्मीद थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डबल सुपर ओवर वाले मैच में दिल तोड़ने वाली हार ने उनके अभियान को अधर में लटका दिया था। कनाडा के खिलाफ उनका मैच अब केवल एक मैच ही है।

# खाचानोव से भिड़ेंगे अल्काराज



- **नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराया**

**दोहा, वार्ता।** बुधवार को दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में कार्लोस अल्काराज ने शानदार फर्निश करते हुए सीधे सेटों में जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराकर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

अल्काराज ने दूसरे सेट में 2-5 से लगातार पांच गेम जीते, और अपने लेवल को हमेशा की तरह शानदार तरीके से ऊपर उठाते हुए 96 मिनट में दूसरे राउंड में जीत हासिल की। जब अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी शक हुआ कि वह जीत हासिल कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि जाहिर है मुझे हर चीज के लिए तैयार रहना था।कुछ पल ऐसे थे जब मैंने तीसरे सेट के बारे में सोचा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, लेकिन जाहिर है यह मेरे दिमाग में एक छोटी सी जगह थी जो ऐसा सोच रही थी। बाकी सब कुछ सॉल्यूशन खोजने, फिर से सही रास्ता खोजने पर काम कर रहा था। ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने के बाद अब लगातार नौ मैच जीतने वाले अल्काराज गुरुवार को आखिरी चार में जगह बनाने के लिए कैरेन खाचानोव से भिड़ेंगे। सातवें सीड वाले खाचानोव, जिन्होंने बुधवार को मार्टन फुकसोविक्स को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया था, कतर की राजधानी में 2024 के चैंपियन थे। अल्काराज अब आउटडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 27 मैच जीतने वाले हैं, जो पिछले अगस्त में सिनसिनाटी ओपन में उनके टाइटल जीतने के बाद से है। 22 साल के अल्काराज दोहा में अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जहां एक साल पहले इवेंट में डेब्यू करते समय वह क्वार्टर-फाइनल स्टेज में जिरी लेहेका से हार गए थे। अल्काराज कतर में खाचानोव के खिलाफ अपने परफेक्ट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वह जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 5-0 से आगे हैं, जिसमें 2024 में बीजिग में उनकी एकमात्र हार्ड-कोर्ट मीटिग में सीधे सेटों में जीत शामिल है। अल्काराज के ड्रॉ के हाफ में दूसरे क्वार्टर-फाइनल में पांचवीं सीड व डिफेंडिग चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव का मुकाबला स्टेफानोस सितसिपास से होगा।

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

- **166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके**

**कोलकाता, वार्ता।** शाई होप (75) की आतिशी अर्द्धशतकीय पारी के बाद शमार जोसेफ (चार विकेट) और मैथ्यू फोर्ड (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 37वें मुक. ाबले में इटली को 42 रनों से शिकस्त दी।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना सकी और 42 रनों से मुकाबला हार गई। बेंजमिन मनेंटी ने इटली के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा जे जे स्मट्स (24), एंथनी मोस्का (19) और ग्रांट स्टुअर्ट 12 रन बनाकर आउट हुए। इटली के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने चार विकेट लिए। मैथ्यू फोर्ड को तीन और गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। अकील हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी अर्धशकीय पारी की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 31 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। ब्रैंडन किग (चार), शिमरॉन



हेटमायर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रॉस्टन चेज ने शाई होप के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में बेंजा. मिन मनेंटी ने रॉस्टन चेज 24 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रोवमन पॉवेल (नौ) को 15वें ओवर में मनेंटी ने अपना शिकार बनाया। अगले ही ओवर में कृषण कालूगामगे ने शाई होप को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 46 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर नौ रन बनाकर आउट हुए।

# सम्मान बचाने की आखिरी लड़ाई लड़ेंगे कंगारू

- **यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और ओमान टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 40वें मैच में पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया अपने वर्ल्ड कप कैंपेन को शानदार तरीके से खत्म करना चाहता है और ओमान लगभग नामुमकिन उलटफेर की कोशिश में है, ऐसे में दबदबा गर्व, वापसी और अपनी बड़ाई करने का है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में निराशा से निकलने और पक्के इरादे के साथ उतरेगा। आयरलैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका से लगातार हार ने टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म कर दीं। धीमी, मुश्किल पिचों पर बैटिंग करना



मुश्किल रहा है, लेकिन ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ियों ने फॉर्म में होने पर हावी होने की काबिलियत दिखाई है। पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में, हेड और मार्श ने मिलकर सिर्फ 8.4 ओवर में 104 रन बनाए, जिससे पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार काबिलियत का पता चलता है। मिडिल ऑर्डर में टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस हैं, और उनके पास बाद के ओवरों में तेजी से रन बनाने की ताकत है। जोश हेजलवुड और पैट कमिस के चोटिल होने की वजह से बॉलिंग चिंता का विषय रही है, लेकिन नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और स्टोइनिस से ओमान की बैटिंग को झकझोरने की उम्मीद है।

बीच के ओवरों में एडम जम्पा की स्पिन गेम को कंट्रोल करने के लिए जरूरी होगी। ओमान का टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, ज्यादातर मैचों में उसे भारी हार मिली है और वह ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहा है। उनकी बैटिंग काफी हद तक कप्तान जतिदर सिंह और आमिर कलीम पर निर्भर करती है, जो एक अलग तरह के लाइनअप में शानदार परफॉर्मर रहे हैं। हम्माद मिर्जा और विनायक शुक्ला जरूरी रन बना सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पेस और स्पिन अटैक के सामने टीम को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ओमान की बॉलिंग पूरे समय संघर्ष करती रही है, ज्यादातर बॉलरों ने प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं।

शकील अहमद सबसे असरदार रहे हैं, उन्होंने 8-25 की इकॉनमी से तीन विकेट लिए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए टीम को शानदार प्रदर्शन की जरूरत होगी। पल्लेकेले की पिच एक बैलेंस्ड सतह है जिसमें शुरुआत में बल्लेबाजों को थोड़ा फायदा मिलता है। पहली पारी में 180-200 के आस-पास के बड़े स्कोर को मुश्किल माना जाता है, और स्पिनर आमतौर पर बीच के ओवरों में खेल में आते हैं।

## शीर्ष रैंक्ड एयर राइफल निशानेबाज एक मंच पर आएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शीर्ष 20 रैंक्ड 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज 16वें आरआर लक्ष्य कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह टूर्नामेंट आरआर ग्लोबल द्वारा संचालित है और लक्ष्य शूटिंग क्लब, करनाला स्पोर्ट्स अकादमी, पनवेल, नवी मुंबई में आयोजित होगा। केवल आमंत्रण आधारित यह प्रतियोगिता 21 और 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रमुख खिलाड़ी एक पेशेवर ढंग से संचालित, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पोडियम अवसर होंगे, साथ ही शीर्ष स्थान पाने वालों के लिए नकद पुरस्कार और उपकरण पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सीनियर चैंपियन को 1-5 लाख रुपये और रोटेटिग सिल्वर ट्रॉफी दी जाएगी, जो फिलहाल नेवी के किरण जाधव के पास है। जूनियर चैंपियन को 75,000 दिए जाएंगे।

# रणजी : कर्नाटक फाइनल में खिताबी मुकाबले में जम्मू-कशमीर से भिड़ेगा

- **देवदत्त, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया मैच ड्रॉ घोषित**

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया रणजी ट्रॉफी 2026 का 15 फरवरी को शुरु हुआ पहला सेमीफाइनल मैच गुरुवार को ड्रा घोषित हुआ।

दिन को खेल समाप्त होने किए जाने के समय उत्तराखंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 260 रन बना लिए थे। कर्नाटक अब खिताबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। देवदत्त पड़िक्कल को दोहरे शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। कर्नाटक



ने कल के छह विकेट पर 299 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में उत्तराखंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करे हुए कर्नाटक की दूसरी पर को 323 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद उत्तराखंड को मैच जीतने के लिए 827 रनों लक्ष्य मिला। उत्तराखंड के लिए मयंक मिश्रा ने चार विकेट लिए। अभय नेगी को दो विकेट मिले। जगदीश सुचित और अविनाश सुधा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी एक बार फिर लड़खडाते नजर आए और लगातार विकेट गंवाते गए। मैच ड्रा किए जाने के समय उत्तराखंड ने 260 रनों पर छह विकेट गंवा दिए थे। सौरभ रावत (नाबाद 53) और अभय नेगी (नाबाद 57) क्रीज पर डटे हुए थे। इसके अलावा अवनीश सुधा ने (66), कप्तान कुणाल चंदेला (20), जगदीश सुचित (19) और भूपेन लालवानी (15) रन बनाकर आउट हुए।

## टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो रियो ओपन से बाहर



**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण रियो ओपन से रिटायर हो गए, जिससे उनका पहला एटीपी 500 टाइटल जीतने का सपना टूट गया। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी जॉकी क्लब ब्रासीलीरो में अपने राउंड-16 मैच में अर्जेंटीना के थियागो अगस्टिन तिरांटे से 6-2, 3-1 से पीछे चल रहे थे, जब उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज कराने के लिए खेल रोक दिया और फिर फैसला किया कि वह आगे नहीं खेल सकते। ऑफिशियल मेडिकल रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध नहीं थी। तिरांटे ने कहा कि इस तरह जीतना अच्छा नहीं है, खासकर फैन के साथ, जो मेरे दोस्तों में से एक है। ष्मुझे पता था कि वह पिछले हफ्ते से बहुत थका हुआ था, इसलिए मुझे कोर्ट पर खुद को बेहतर बनाना था और खुद पर फोकस करना था। अगले राउंड में टिरांटे का मुकाबला फ्रांसेस्को पासारो या एलेजांद्रो टेबिलो से होगा। सेरुंडोलो पिछले हफ्ते अर्जेंटीना ओपन बिना कोई सेट गंवाए जीतने के बाद जबरदस्त फॉर्म में रियो पहुंचे थे, और उन्होंने मंगलवार को पहले राउंड में अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराया था। उनके हटने से ब्राजील के पसंदीदा और तीसरे सीड जोआओ फोंसेका, जो दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी हैं, के लिए ड्रॉ खुल गया है, जो गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में पेरू के इग्नासियो बुसे का सामना करेंगे।

## ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है : रिकी पोंटिंग

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है और मौजूदा टी 20 विश्व कप उनका आखिरी आईसीसी इवेंट था। पोंटिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के खराब टी-20 वर्ल्ड कप में बहुत सारी फॉर्म और फिटनेस की दिक्कतें एक साथ आईं, उनका यह भी मानना है कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपना आखिरी ग्लोबल इवेंट खेला है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज में एक गेम बाकी रहते - शुक्रवार को ओमान के खिलाफ - जिम्बाब्वे और श्रीलंका से भारी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया। हालांकि टीम ने 2025 में ज्यादातर समय बाइलेटरल क्रिकेट में दबदबा बनाए रखा था, लेकिन वे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान से लगातार पांच मैच हारकर आए थे और टीम में चोट की समस्या भी थी। पैट कमिस और जोश हेजलवुड श्रीलंका नहीं जा पाए।

# अभिषेक शर्मा की शून्य हैट्रिक, भारत की चिंता बढ़ी

**भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजर अंदाज कर दिया है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 विश्व कप में अपने चारों ग्रुप मैच जीत लिए हैं लेकिन सुपर आठ में जाने से पहले ओप. नर अभिषेक शर्मा का फॉर्म भारत की सबसे बड़ी चिंता होगी। भारत ने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप के इतने ही मैचों में चार जीत हासिल की हैं और फिर भी, इस फॉर्मेट में नंबर 1 बैटर के बल्ले से एक भी रन की जरूरत नहीं पड़ी। लगातार तीन डक के बाद, अभिषेक ने यह पक्का कर दिया है कि कॉम्पिटिशन की सबसे खतरनाक बैटिंग लाइन-अप भी अपने सबसे अच्छे रूप में नहीं है। भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजरअंदाज कर दिया है, कम से कम सबके सामने तो जरूर। बुधवार को नीदरलैंड्स पर भारत की 17 रन की जीत के बाद टेन डेशकाटे ने कहा कि उसने कल रात नेट्स में बहुत अच्छी बैटिंग की, उसने 90 मिनट बैटिंग की। आपको उसे थोड़ी जगह भी देनी होगी। वह ग्रुप फेज में बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था, उसने कुछ दिन हॉस्पिटल में बिताए और (नामीबिया के खिलाफ) गेम मिस कर दिया। यह उसके लिए अब तक बहुत निराशाजनक टूर्नामेंट रहा है। लेकिन मैंने कल रात उसकी बॉल स्ट्राइकिग में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे। इसलिए उसके बारे में कोई चिंता नहीं है, जब दूसरा फेज आएगा तो वह ठीक हो जाएगा। यह समझा जा सकता है कि अभिषेक का इस कॉम्पिटिशन में एक भी रन न खरीद पाना चिंता की बात क्यों नहीं है। पहली बात, वह डेढ़ साल के शानदार प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में आया है, जिसने उसे दुनिया की रैंकिग लिस्ट में टॉप पर पहुंचाया है। दूसरी बात, उसके आउट होने का कोई खास पैटर्न नहीं है, जबकि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों ने माना है कि उन्होंने बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आउट होने की प्लानिग में काफी समय बिताया था। उन्होंने संजय कृष्णमूर्ति की गेंद पर डीप कवर में कैच दे डाला, सलमान आगा की गेंद पर मिड ऑन पर पुल करने में चूक गए, और आर्यन दत्त की गेंद पर पुल करने से चूक गए। असल में कोई पैटर्न नहीं है। यह देखते हुए कि बाकी बैट्समैन ने अलग-अलग मौकों पर अच्छा खेला है, अभिषेक की मुश्किलों ने अभी तक टीम को परेशान नहीं किया है, ठीक वैसे ही जैसे ज्यादातर दिनों में होता है जब अभिषेक रन नहीं बना पाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने यह पक्का कर दिया कि अभिषेक का जल्दी आउट होना चिंता की बात नहीं है। इससे पहले, इसी तरह के दुर्लभ शुरुआती आउट में, संजू सैमसन ने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरी लगाई थीं, जब अभिषेक क्लिक नहीं कर पाए थे। टी-20 में भारत का दबदबा ओपनर्स द्वारा शुरुआती कंट्रोल हासिल करने की वजह से आया है। ऊपर से देखें तो, पिछले वर्ल्ड कप के बाद से ओपनिग स्लॉट पर कब्जा करने वाले सभी खिलाड़ियों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, इतना कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की जगह भरना मुश्किल नहीं था, और पुरानी यादों के लिए भी, उनकी कमी महसूस नहीं हुई। लेकिन थोड़ा हटकर देखें, तो आपको जितना अंदाजा होगा, उससे कहीं ज्यादा बातें छिपी हुई हैं। ओपनर्स - अभिषेक, संजू सैमसन, शुभमन गिल, ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल - की अपनी-अपनी काबिलियत ने इस सच्चाई को छिपा दिया है कि भारत को इस दबदबे के दौर में अच्छी ओपनिग पार्टनरशिप नहीं मिल रही है, जहां उन्होंने अपने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते हैं। उस कंट्रोल का ज्यादातर दबाव नंबर 3 - ईशान किशन, तिलक वर्मा और उनके जैसे खिलाड़ियों पर पड़ा है, खासकर उस समय जब सूर्यकुमार यादव भी संघर्ष कर रहे थे। डेशकाटे इस बात की पुष्टि करते हैं कि हालांकि यह ध्यान देने वाली बात है, लेकिन बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग समय पर योगदान दे रहे हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समिट में बदइंतजामी

दिल्ली में होने वाली एआई समिट में जिस तरह की बदइंतजामी देखने में आई, उसकी कल्पना शायद ही किसी भारतीय ने की हो। 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडप और सुषमा स्वराज भवन में होने वाले इंडिया एआई इंपेक्ट समिट 2026 जहां एआई तकनीक को लेकर चर्चाओं के लिए जाना जाता है, वहां यह अपनी बदइंतजामी के लिए याद किया जाएगा। कांग्रेस ने तो हमला भी बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया कि पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख इस एआई समिट पर अपने निशान छोड़ गई है और देश-विदेश में जग हंसाई का कारण बनी। देशी मीडिया में भी इस समिट की चर्चा कई वजहों से हो रही है। सम्मेलन के पहले ही दिन बदइंतजाम की खबरें मीडिया में चलने लगी। कितनी अजीब बात है कि वहां इंटरनेट नेटवर्क ही उपलब्ध नहीं था। एआई में सबसे बड़ी चीज यही थी। यही सम्मेलन की कमी बन गई। कहा तो यह भी जा रहा है कि पीएम मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी ने भी वहां की व्यवस्था बिगाड़ने में भूमिका निभाई। पीएम मोदी वहां उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान हॉल खाली कराया गया, जिसमें एक स्टॉल से सामान चोरी होने का मामला भी सामने आया। उस समय तो हद ही हो गई, जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन का एक रोबोट खरीदकर उसको अपना निर्माण बता दिया। जब चीन ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और उसके दावे को गलत बताया, तब विवादों का बवंडर उठ गया और देश में शर्मिन्दगी का सबब बन गया। हालांकि बाद में यूनिवर्सिटी मुकर गई और कहा कि उसने कभी इस तरह का दावा नहीं किया। दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक पर होने वाले सम्मेलन में भगदड़ और वहां बोला गया झूठ तकनीकी विकास के दावे आदि जितनी भी शर्मनाक लगे, लेकिन यह हमारे देश की ठोस सच्चाई है। जाहिर है, सम्मेलन में जिस तरह की अफरातफरी मची, उसने भारत की छवि को तो धक्का लगाया ही, साथ ही इससे यह संदेश भी गया कि हम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन नहीं करा सकते। एआई समिट के लिए सरकार ने अपनी तरफ से इसको सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और जमकर प्रचार किया जा रहा है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस तरह के सम्मेलन वैश्विक स्तर पर भी किसी देश का मान बढ़ाने वाले होते हैं और मेजबान देश को यह अवसर प्रदान करते हैं कि वह बड़े सम्मेलन कराने में पूरी तरह सक्षम हैं। जाहिर है इस तरह के सम्मेलनों पर पूरे विश्व की नजर होती है। इस लिहाज से अगर देखें, तो यह समिट भारत के लिए कोई विशेष उपलब्धि लेकर नहीं आया, बल्कि इसके उलट हंसी का कारण बनता दिखाई दे रहा है। पीएम मोदी पर यह आरोप विपक्ष बार-बार लगाता रहा है कि वह अपने आपको प्रचार के केंद्र में रखने का कोई मौका नहीं गंवाते। विपक्ष के ये आरोप पूरी तरह गलत भी नहीं कहे जा सकते।

## गोवंश की स्थिति पर योगी मौन



गाय को राज्य माता घोषित करने और गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है, इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी, गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है, मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं, 40 दिनों की समय सीमा के 21वें दिन से आंदोलन एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है, एक मार्च को लखनऊ कूच के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

**-अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिर्मठ**

# कोई पीछे न छूटे: असमानताओं के दौर में सामाजिक न्याय की पुकार





**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मनाया जाता है ताकि समाजों में समानता, समावेशन और न्याय की तत्काल आवश्यकता की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। यह दिवस केवल एक औपचारिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का स्मरण है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। सामाजिक न्याय का विचार इस विश्वास पर आधारित है कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन उसकी आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से किया जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों से युक्त जीवन प्रदान करता है।

इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर साझा प्रतिबद्धता को मजबूती दी जा सके। संयुक्त राष्ट्र का यह स्पष्ट मानना रहा है कि जब तक समाज में सामाजिक और आर्थिक न्याय स्थापित नहीं होता, तब तक लोकतंत्र, मानवाधिकार और विकास अधूरे ही रहेंगे। इसी दृष्टि से सामाजिक न्याय का विश्व दिवस एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि बढ़ती असमानताएं समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं और अवसर इसलिए कि समय रहते ठोस नीतियों व सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 का सामाजिक न्याय का विश्व दिवस विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहां वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक संरचनाओं को तेजी से बदल दिया है। इन परिवर्तनों का लाभ जहां कुछ वर्गों को मिला है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होते जा रहे है। ऐसे में सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल नैतिक आदर्श नहीं बल्कि नीतिगत प्राथमिकता बन चुका है।

सामाजिक न्याय के विश्व दिवस 2026 का विषय समावेश को सशक्त बनाना सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना इसी यथार्थ को प्रतिबिंबित करता है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है बल्कि यह आवश्यक है कि विकास की प्रक्रिया में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में हाशिए पर खड़े समुदायों की आवाज को स्थान देना है। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बैठकर बनाई जाएंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा सपना ही बना रहेगा।

सामाजिक न्याय की अवधारणा मूल रूप से अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी हुई है। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर प्राप्त हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच सामाजिक न्याय की बुनियाद है। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से निर्धारित होने लगे, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज के वैश्विक परिदृश्य में असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की भरमार है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

इसी संदर्भ में 'सम्मानजनक कार्य' की अवधारणा सामने आती है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा लगातार बढ़ावा दिया गया है। सम्मानजनक कार्य का अर्थ केवल नौकरी होना नहीं बल्कि ऐसी नौकरी होना है, जो सुरक्षित हो, उचित वेतन दे और मानवीय गरिमा को बनाए रखे। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस यह भी रेखांकित करता है कि सामाजिक सुरक्षा तंत्र किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। आर्थिक संकट, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय वही समाज अधिक टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जिनके पास मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां होती हैं। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता के आवश्यक उपकरण हैं। 2026 के संदर्भ में, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों से भी जूझ रही है, सामाजिक सुरक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत के संदर्भ में सामाजिक न्याय का विचार केवल अंतर्राष्ट्रीय दायित्व नहीं बल्कि संवैधानिक मूल्य भी है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है और यह स्पष्ट करती है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी है, जब वह समानता और बंधुत्व के साथ जुड़ी हो। मौलिक अधिकार नागरिकों को भेदभाव और शोषण से सुरक्षा प्रदान करते हैं जबकि राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत सरकार को असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन देते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने सामाजिक न्याय की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, चाहे वह आरक्षण नीति हो, सामाजिक कल्याण योजनाएं हों, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश हो या हाल के वर्षों में कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम। इन पहलों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है लेकिन यह भी सत्य है कि चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक असमानता आज भी गंभीर प्रश्न बने हुए हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हमारी विकास नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पा रही हैं? क्या शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों को समान अवसर दे रही है? क्या रोजगार के अवसर केवल कुछ शहरों और क्षेत्रों तक सीमित हैं या पूरे देश में संतुलित रूप से फैल रहे हैं? यह प्रश्न केवल सरकारों के लिए नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए आत्ममंथन का विषय हैं। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना भी है। वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक देश के प्रयासों से संभव नहीं है। गरीबी, प्रवासन, जलवायु परिवर्तन और श्रम असुरक्षा जैसी चुनौतियां सीमाओं से परे हैं। ऐसे में देशों के बीच नीति-साझाकरण, संसाधनों का सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे। 'समावेश को सशक्त बनानारू सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना' केवल एक नारा नहीं बल्कि सरकारों, संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के लिए एक नैतिक आह्वान है। सामाजिक न्याय कोई अमूर्त विचार नहीं रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और व्यवहारों में प्रकट होने वाली जिम्मेदारी है। जब समाज यह स्वीकार करता है कि हर व्यक्ति समान गरिमा का अधिकारी है और जब शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य व सुरक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाती है, तभी न्याय केवल कानून की किताबों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में उतरता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तो क्या मशरूम भी करते हैं आपस में संवाद

**एक संभावना यह भी हो सकती है कि फफूंद कुछ भी न कहते हों बल्कि यह हो सकता है कि कवकजाल के सिरे विद्युत आवेशित होते हैं, इसलिए जब आवेशित सिरे इलेक्ट्रोड्स से संपर्क में आते होंगे तो विभवांतर में तीक्ष्ण वृद्धि हो जाती होगी। बहरहाल इन विद्युत संकेतों का कुछ भी मतलब हो, लेकिन ये बेतरतीब या रैंडम नहीं लगते। फिर भी इन संकेतों को भाषा के रूप में स्वीकार करने के लिए और अधिक प्रमाणों की जरूरत है।**



यहां-वहां उग रहे कुकुरमुत्तों (मशरूम) को देखकर ऐसा लगता है कि वे भी कहीं आपस में बात करते होंगे। लेकिन एक नए अध्ययन से पता चलता है कि वे बातूनी हो सकते हैं। मशरूम दरअसल एक प्रकार की फफूंद हैं। इनके द्वारा एक-दूसरे को भेजे जाने वाले विद्युत संकेतों के गणितीय विश्लेषण में ऐसे पैटर्न पहचाने गए हैं जो मानव भाषा से आश्चर्यजनक संरचनात्मक समानता दर्शाते हैं। पूर्व अध्ययनों में देखा गया था कि फफूंद अपनी लंबी, भूमिगत तंतुनुमा रचनाओं या हाइफे के माध्यम से विद्युत संकेतों का संचालन करते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मनुष्यों में तंत्रिका कोशिकाएं सूचना प्रसारित करती हैं। यहां तक देखा गया है कि जब लकड़ी पचाने वाली फफूंद के कवकतंतु किसी लकड़ी के टुकड़े के संपर्क में आते हैं, तो इन संकेतों के प्रेषण की दर बढ़ जाती है।

इससे लगता है कि फफूंद इस विद्युत भाषा का उपयोग भोजन उपलब्ध होने या क्षति पहुंचने की जानकारी अपने अन्य हिस्सों के साथ या कवक तंतुओं के माध्यम से जुड़ी वनस्पतियों के साथ साझा करने के लिए करती हैं, लेकिन क्या ये विद्युत गतिविधियां मानव भाषा से कुछ समानता रखती हैं? यह जानने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ दी वेस्ट ऑफ इंग्लैंड के प्रोफेसर एंड्रयू एडमात्जकी ने फफूंद की चार प्रजातियों-एनोकी, स्प्लिट गिल, घोस्ट और कैटरपिलर फफूंद द्वारा बहुत कम समय के लिए उत्पन्न विद्युत आवेगों के पैटर्न का विश्लेषण किया।

रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ये विद्युत आवेग अक्सर समूहों में होते हैं और ऐसा लगता है कि 50 शब्दों का ककहरा हो और इन कवक शब्दों की लंबाई मानव भाषा से काफी मेल खाती है। सड़ती-गलती लकड़ी पर पनपने वाली फफूंद स्प्लिट गिल उपरोक्त चार में से सबसे जटिल वाक्य बनाती हैं। इन विद्युत गतिविधियों का सबसे संभावित कारण फफूंद द्वारा अपने समूह को जोड़े रखना लगता है जैसे भेड़िए करते हैं। या यह भी हो सकता है कि इनकी भूमिका कवकजाल के अन्य हिस्सों को भोजन या खतरों के बारे में आगाह करने की है।

**( स्रोत फीचर्स )**

# एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु



**रजनीश कपूर**



आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। स्मार्टफोन से लेकर स्मार्ट होम तक, हर जगह एआई की छाप दिखाई देती है। इस सप्ताह नई दिल्ली में शुरू हुए अंतर्राष्ट्रीय एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में विश्व के नेता और विशेषज्ञ इसी पर चर्चा कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई के वैश्विक प्रभावों को समझना और नीतियां बनाना है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हम एआई को अपनाते हुए अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता को खो नहीं रहे? एआई ने सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन साथ ही हमें इतना आश्रित बना दिया है कि बिना इसके सोचना भी मुश्किल हो गया है। सोचने वाली बात यह भी है कि कैसे एआई जीवन को सरल बना रहा है, लेकिन रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है। एआई की निर्भरता अब दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। कल्पना कीजिए, सुबह उठते ही गूगल असिस्टेंट या सिरी आपको मौसम, ट्रैफिक और समाचार बता देता है। कार्यालय में ईमेल लिखने से लेकर डेटा विश्लेषण तक, चैटजीपीटी जैसे टूल्स सब कुछ तुरंत कर देते हैं। भारत में, जहां डिजिटल इंडिया अभियान ने 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता पैदा किए हैं, एआई आधारित ऐप्स जैसे उबर, जोमैटो, ब्लिंकिट आदि ने जीवन को अभूतपूर्व सरलता प्रदान की है। दिल्ली में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में अमेरिकी विशेषज्ञों ने बताया कि एआई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दिया है, लेकिन यह निर्भरता खतरनाक साबित हो रही है। एक सर्वे के अनुसार, 70 प्रतिशत युवा बिना एआई टूल्स के रिसर्च नहीं कर पाते। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब बिजली चली जाए या इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित हो जाए तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं। यह निर्भरता शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक दिखाई दे रही है। छात्र अब निबंध लिखने के बजाय एआई से कॉपी-पेस्ट कर लेते हैं। कोटा के कोचिंग संस्थानों से लेकर आईआईटी तक, एआई टूल्स ने होमवर्क को आसान बना दिया, लेकिन समझ की गहराई कम कर दी। शिखर सम्मेलन के एक सत्र में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि एआई जनित सामग्री से छात्रों की आलोचनात्मक सोच 30 प्रतिशत घटी है। भारत में एनसीईआरटी ने एआई उपयोग पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, लेकिन फिलहाल इसका अमल कमजोर है। परिणामस्वरूप, आने वाली पीढ़ी समस्या-समाधान के बजाय 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' सीख रही है, यानी एआई को सही सवाल कैसे पूछें। यह निर्भरता मानसिक आलस्य को जन्म दे रही है, जहां स्वयं सोचने की क्षमता क्षीण हो रही है। एआई का सबसे घातक प्रभाव रचनात्मकता पर पड़ रहा है। पहले कलाकार, लेखक और संगीतकार अपनी कल्पना से कृतियां रचते थे। अब मिडजर्नी या डैल-ई जैसे टूल्स प्रॉम्प्ट पर चित्र बना देते हैं, वो भी सुंदरता भरे। लेकिन क्या यह रचनात्मकता है? शिखर सम्मेलन में भारतीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया कि एआई जनित कला में आत्मा का अभाव है। यह डेटा पर आधारित नकल मात्र है। उदाहरणस्वरूप, बॉलीवुड में एआई स्क्रिप्ट राइटर आ रहे हैं, जो पुरानी फिल्मों के पैटर्न दोहराते हैं। नतीजा? नवीनता का लोप। एक अध्ययन बताता है कि एआई सहायता से बनी कहानियां 40 प्रतिशत कम मूल होती हैं। लेखन में भी यही समस्यादिखाई दी जाती है। एआई से उत्पन्न संपादकीय या कविताएं सतही लगती हैं, क्योंकि उनमें व्यक्तिगत अनुभव का पुट नहीं। रचनात्मकता नष्ट होने का एक कारण एआई की 'परफेक्शन' है। यह त्रुटिरहित उत्तर देता है, जिससे मानव प्रयास कमजोर लगने लगते हैं। कल्पना कीजिए एक चित्रकार को, वह घंटों ब्रश चलाता है, गलतियां सुधारता है और यही प्रक्रिया रचनात्मकता को परिपक्व बनाती है। परंतु एआई में यह संघर्ष नहीं होता। शिखर सम्मेलन के दौरान रिलीज हुई एक रिपोर्ट में कहा गया कि एआई ने वैश्विक पेटेंट आवेदनों में 25 प्रतिशत वृद्धि की, लेकिन अधिकांश 'इंक्रीमेंटल' हैं, यानी नई खोजें कम हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां स्टार्टअप संस्कृति फल-फूल रही है, एआई निर्भरता नवाचार को कुचल सकती है। उदाहरण के तौर पर, फिनटेक क्षेत्र में एआई एल्गोरिदम ऋण स्वीकृति करते हैं, लेकिन सृजनात्मक समाधान गायब हैं। इसके अलावा, एआई नैतिक दुविधाओं को भी जन्म दे रहा है। डीपफेक वीडियो से राजनीतिक हेरफेर भी हो रहे हैं। 2024 के अमेरिकी चुनावों में एआई ने काफी अफवाहें फैलाई। इसे देखते हुए भारत में भी आगामी चुनावों से पहले सतर्कता बरतना सार्थक बन जाता है। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के 'जिम्मेदार उपयोग' पर जोर दिया, लेकिन निर्भरता रोकने के उपाय कम चर्चित हुए। क्या हम एआई को मास्टर बना लेंगे? एआई की निर्भरता का एक नमूना आज हर घर में दिखाई देता है। बच्चे आजकल हर जरूरत का सामान ऑनलाइन मंगवा लेते हैं। दुकान पर जाए बिना, किसी वस्तु की गुणवत्ता व मोल-भाव का युग अब बहुत कम दिखाई देता है। मुझे याद है हमारे बचपन में हमें बाजार भेजा जाता था और किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद सही हिसाब से बच्चे हुए पैसे वापिस लेने में जो संतोष मिलता था उसका अपना ही आनंद था। परंतु आजकल के बच्चों में यह दिखाई नहीं देता। ऐसे में इसका समाधान क्या है? सबसे पहले, शिक्षा में एआई को सहायक न मानकर चुनौती बनाएं। स्कूलों में 'एआई-मुक्त' घंटे रखें, जहां बच्चे स्वयं रचें। दूसरा, नीतियां बनाएंय जैसे यूरोप का जीडीपीआर, जो एआई पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। भारत को शिखर सम्मेलन से प्रेरणा लेनी चाहिए और 'एआई साक्षरता' अभियान चलाना चाहिए। तीसरा, रचनाकारों को प्रोत्साहित करें, उन्हें सरकारी अनुदान दें जो एआई-रहित कला को बढ़ावा दें। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाना होगा। एआई जीवन का हिस्सा बने रहना चाहिए, लेकिन इस पर निर्भरता और रचनात्मक विनाश को रोकना होगा। रचनात्मकता मानव का मूल गुण है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गाजा में अपना कंट्रोल बढ़ा रहा हमास

**■ पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं: दियाब**

**गाजा।** अक्टूबर में अमेरिका की पहल पर लागू हुए सीजफायर के बाद गाजा में हमास ने अंदरूनी मोर्चे पर अपनी पकड़ फिर मजबूत कर ली है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा के एक कार्यकर्ता मोहम्मद दियाब ने कहा कि हमास ने उन क्षेत्रों के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां वह मौजूद है। दियाब ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं।

वे अपराध रोकने और जिन लोगों को सहयोगी या विरोधी मानते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 'बोर्ड ऑफ पीस' गुरुवार को वाशिंगटन में अपनी पहली बैठक करेगा। इसमें करीब 60 देशों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में गाजा पटी के लिए ट्रम्प की शांति योजना पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। हालांकि, टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, पीस बोर्ड के शुरुआती दस्तावेज में गाजा का ही स्पष्ट जिक्र नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि बोर्ड का मिशन गाजा से कहीं आगे, पूरी दुनिया में शांति लाना है। कई यूरोपीय देशों ने इसे ट्रम्प का पर्सनल प्रोजेक्ट बताया और इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 22 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान बोर्ड ऑफ पीस चार्टर की घोषणा करते हुए। चार्टर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प को इनागुरल चेयरमैन (प्रथम अध्यक्ष) नामित किया गया है, और यह पद लाइफटाइम उनके द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी तक रह सकता है।

# मैक्रों का एआई को जिम्मेदार बनाने पर बल

## वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर, फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत के साथ सहयोग के विस्तार की इच्छा जताई



**■ एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए: मैक्रों**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता दौड़ में डिजिटल सार्वजनिक मूलभूत ढांचों पर आधारित पहचान-पत्रा, जनधन खातों , स्वास्थ्य कार्ड और यूपीआई जैसी सुलभ डिजिटल भुगतान सुविधाओं का संदर्भ देते हुए प्रौद्योगिकी को जन-जन के लिए सुलभ बनाने के क्षेत्रा में भारत की तारीफ की तथा एआई जैसी प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर दिया।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को यहां भारत एआई इम्पैक्ट समिट एवं प्रदर्शनी-2026 में हिस्सा लेते हुए कहा कि एआई को नवाचार और रफ्तार के साथ साथ जिम्मेदार बनाने के लिए फ्रांस, यूरोप और भारत को मिल कर चलना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में आयोजित एआई सम्मेलन में एआई को विश्व समाज को मजबूत करने का माध्यम बनाने के लिए भारत और फ्रांस की साझा पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साल में ही इसका असर दिखा है। उन्होंने फ्रांस में 15 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की अपनी सरकार की पहल को 'सभ्यता से जुड़ा विषय' बताया। उन्होंने एआई को नागरिकों पर केंद्रित बनाने के लिए सरकारों और कंपनियों के बीच मजबूत भागीदारी पर बल दिया। मुंबई से हो कर दिल्ली पहुंच फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरुआत मुंबई के रेहड़ी-पटरीवाले की कहानी से शुरू की जो दस साल पहले बैंक खाता नहीं खोल पा रहा था क्योंकि उसके पास कोई पहचान या औपचारिक पता नहीं था। आज उसका खाता है और वह बैंक खाते के जरिए देश भार के अपने ग्राहकों से निश्चित रूप से डिजिटल भुगतान प्राप्त करता है। इसके माध्यम से उन्होंने भारत में 1-4 अरब लोगों की डिजिटल पहचान प्रणाली खड़ी करने और उससे नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्राों में उत्पन्न सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों का दैनिक जीवन बदल गया है। उन्होंने भारत को एक 'सभ्यतागत शक्ति' बताते हुए कहा कि भविष्य उन देशों का होगा जो 'नवाचार को जम्मिेदारी के साथ, प्रौद्योगिकी को इंसानियत के साथ' जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1.4 अरब लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में जोड़कर कर वह कर दिखाया है जिसे दुनिया कभी नामुमकिन कहती थी। उन्होंने कहा कि भारत अब भुगतान की एक ऐसी बुनियादी सुविधा का संचालन करता है जो 'हर महीने 20 अरब लेन-देन' का काम संभाती है और देश में '50 करोड़ डिजिटल हेल्थ कार्ड' जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसे इंडिया स्टैक-ओपन इंटरऑपरेबल सॉवरेन (सार्वजनिक अवसंरचनात्क प्रणाली) कहते हैं और इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन इसी बारे में है। फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने कहा कि एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में भारत और फ्रांस के सहयोग से आयोजित एआई एक्शन समिट का जिक्र करते हुए उस सम्मेलन को प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम तय करने में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि पेरिस एआई सम्मेलन में हमने उन टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक मार्गदर्शक सिद्धांत तय किया था जो हमारे समाज और हमारी अर्थव्यवस्था को बदल देंगें।

# अमेरिका से समझौता करने में ही है ईरान की भलाई: कैरोलिन

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का किसी भी देश के साथ समझौता करने के लिए पहला विकल्प कूटनीति होता, इसलिए ईरान को अमेरिका के साथ नए समझौते पर बातचीत करना चाहिए। यह बात व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने गुरुवार (भारतीय समय के अनुसार) कही। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रम्प हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं। ईरान या दुनिया के किसी भी देश के मामले में कूटनीति हमेशा उनका पहला विकल्प होता है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और इस प्रशासन (अमेरिकी प्रशासन) के साथ समझौता करना बहुत समझदारी भरा कदम होगा। सुलेविट ने यह टिप्पणी ऐसे में की है, जब जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू हुई है।

# ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका!

## रिपोर्ट में दावा: 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन



**■ ईरान-रूस ने ओमान और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करने का ऐलान किया**

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वाड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजरायल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है। इजरायल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी आप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और टकराव टालने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। मंगलवार को ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ ने जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से करीब तीन घंटे तक बातचीत की। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत में कुछ डेवलपमेंट हुआ है, लेकिन अमेरिकी अधिकारी अब भी कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति बनने को लेकर डाउट में हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि कुछ मामलों में बातचीत अच्छी रही, लेकिन कई मुद्दों पर राष्ट्रपति ने जो रेड लाइन तय की हैं, उन्हें ईरान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति समझौता चाहते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि कूटनीति अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुकी हो। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य-पूर्व में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी बड़ी हो चुकी है। दो एयरक्राफ्ट कैरियर, करीब एक दर्जन युद्धपोत, सैकड़ों फाइटर जेट और कई एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं और और भी सैन्य उपकरण भेजे जा रहे हैं। ओपन-सोर्स ट्रैकिंग के मुताबिक 150 से ज्यादा कार्गो उड़ानें हथियार और गोला-बारूद लेकर क्षेत्र में पहुंची हैं। साथ ही 50 से ज्यादा फाइटर जेट, जिनमें एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 शामिल हैं, मिडिल ईस्ट की ओर भेजे गए हैं। ट्रम्प के एक एक एडवाइजर ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रपति को ईरान से युद्ध न करने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि आने वाले कुछ हफ्तों में सैन्य कार्रवाई की संभावना 90 प्रतिशत है। इजरायल के दो अधिकारियों ने भी कहा कि देश 'कुछ ही दिनों में' युद्ध की स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसी कार्रवाई की वकालत कर रहा है जो ईरान की सत्ता को चुनौती दे सके। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि जून 2025 में ईरानी मिसाइलों से 32 लोगों की मौत हुई थी और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लिकुड पार्टी के सांसद बोआज बिस्मुथ ने कहा कि इजरायल का कोई भी नागरिक ऐसा नहीं है जो दिन में कई बार यह न सोचता हो कि ईरान के साथ संघर्ष कब होगा।


### ईरानी अधिकारियों समेत उद्योग जगत के दिग्गजों पर लगाया वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें उन ईरानी अधिकारियों और नेताओं को निशाना बनाया गया है जिन पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान ईरानी लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 में व्यापक विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी शासन की हिंसक कार्रवाई के जवाब में की गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी अधिकारियों ने हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग किया और लगभग पूरे देश में इंटरनेट को बंद कर दिया। इससे स्वतंत्र रिपोर्टिंग सीमित हो गई और नागरिक बाहरी दुनिया से अलग-थलग पड़ गए। 'इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट' की धारा 212 के तहत लगाए गए वीजा प्रतिबंध आदेश पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए। ये उपाय ईरानी शासन के 18 अधिकारियों और दूरसंचार उद्योग के दिग्गजों के साथ-साथ उनके परिवार के करीबी सदस्यों पर लागू हैं।

# धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता एआई का भविष्य: गुटेरेस

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर सबका अधिकार होना चाहिए और इसका भविष्य कुछ गिनती के देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई समिट 2026 के चौथे दिन विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण में एआई शिखर सम्मेलन का पहली बार आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने देशों द्वारा तय नहीं किया जा सकता, और न ही इसे कुछ अरबपतियों की इच्छाओं पर छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एआई का लाभ सभी को मिलना चाहिए' और यदि इसे सही ढंग से किया जाए तो यह सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है, अन्यथा यह असमानता को और बढ़ा सकता है। एक तरफ यह चिकित्सा में महत्वपूर्ण प्रगति को तेज कर सकता है, शिक्षा के अवसरों का विस्तार कर सकता है, खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, जलवायु कार्रवाई और आपदा तैयारी को मजबूत कर सकता है।

# इमरान की रिहाई के लिए यूथ फोर्स बनी



**■ खैबर में अटक ब्रिज पर समर्थकों ने कब्जा किया पाक के आर्मी चीफ ने पांच हजार फौजी भेजे**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो रहे हैं। इमरान की पार्टी पाक तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने खैबर सूबे में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा जमा लिया है।

ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटके हुए हैं। पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से लगभग 5 हजार फौजी रवाना किए हैं। उधर, खैबर के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई है। आनन फानन में आर्मी चीफ को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा। पूर्व पीएम इमरान खान अगस्त, 2023 से इस्लामाबाद की अडियाला जेल में बंद हैं। अभी वे तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल काट रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी भी अडियाला जेल में सजा काट रही है। इमरान के खिलाफ लगभग एक सौ से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से लगभग एक दर्जन मामले लोअर-हाईकोर्ट में कोर्ट में चल रहे हैं। इमरान को जेल में रखने में आर्मी चीफ मुनीर की बड़ी भूमिका है। पीएम रहते हुए इमरान ने मुनीर को खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ के पद से हटाया था। जानकारों के अनुसार इमरान की जेल पर भले ही मुनीर का ताला हो, पर इसकी चाबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्री इमरान मूवमेंट के बाद भी ट्रम्प मुनीर पर रिहाई का दबाव डालने के मूड में नहीं हैं।



नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम के पास इंद्रप्रस्थ रोड पर जाम में फंसे वाहन।

### ईडी ने फेमा उल्लंघन के तहत 590 करोड़ रुपये के अकाउंट व डिपॉजिट जब्त किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 की धारा 37ए के तहत विजो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के 590 करोड़ रुपये के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और बॉड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) की धारा 4 के उल्लंघन के मद्देनजर की गई है। ईडी के बेंगलुरु कार्यालय ने कहा कि विजो रियल मनी गेम्स (आरएमजी)/ऑनलाइन जुआ के कारोबार में लगी हुई है।

# रिजिजू ने निगरानी एप का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री विकास योजना (पीएमजेवीके) के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया जो देश भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। रिजिजू ने बिहार के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' में आज पीएमजेवीके योजना के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया, जो भारत भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। उन्होंने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के हज रिस्ट बैंड और एआई चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में चितन शिविर के आयोजन के लिए मंत्रालय की टीम की सराहना की।

# तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## विपक्ष बोला: वो इलेक्शन में हेरफेर करने वाले इंजीनियर, बीएनपी ने 20 साल बाद चुनाव जीता

**■ कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर का हेलमेट पहने दिखाया गया**



**ढाका।** बांग्लादेश में विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तारिक रहमान चुनाव नतीजों में हेरफेर करने वाले इंजीनियर हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव में 'इंजीनियरिंग' यानी हेरफेर की गई और इसी वजह से बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिलीं।

बांग्लादेश में करीब 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन और उसकी सहयोगी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने आरोप लगाया है कि कई सीटों पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई। एनसीपी नेता नसीरुद्दीन पटवारी ने सबसे पहले फेसबुक पर तारिक रहमान को 'इंजीनियर' कहा। उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा और इसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर की हेलमेट पहने दिखाया गया। कुछ लोगों ने तंज कसते हुए लिखा कि 'लंदन से इंजीनियर पास', क्योंकि तारिक रहमान 17 साल तक लंदन में निर्वासन में रहे थे। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया कि शबिना पढ़ाई के इंजीनियर बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने हलफनामे में तारिक रहमान ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 'हायर सेकेंडरी' यानी 12वीं तक बताई है। तारिक रहमान ने 17 फरवरी को पीएम पद की शपथ ली। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बना। एनसीपी नेता आसिफ महमूद ने दावा किया कि उनके पास नतीजों से छेड़छाड़ के सबूत हैं। उनका कहना था कि कुछ जगहों पर वोटों की गिनती पूरी होने से पहले ही विजेता घोषित कर दिए गए और आंकड़ों में बदलाव किया गया। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी कहा कि वोटिंग तो ठीक हुई, लेकिन गिनती के दौरान गड़बड़ी हुई। उन्होंने 32 सीटों को लेकर चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। 14 फरवरी को प्रेस कान्फ्रेंस में जब तारिक रहमान से पूछा गया कि क्या उन्होंने चुनाव जीतने के लिए 'इंजीनियरिंग' की, तो उन्होंने शांत लहजे में जवाब दिया कि उनकी शइंजीनियरिंगश सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए मनाया।

# अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन का इस्तीफा

## एपस्टीन फाइल्स: 2008 से यौन अपराधी के संपर्क में थे, अब तक 10 देशों में लोगों ने पद छोड़े



**■ 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थामस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे।

अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था। 2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी कोशिश की, जो उस समय जेपी मारर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थामस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डालर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे। जेफ्री एपस्टीन न्यूयार्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है। इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

# फिल्टर बंद होते ही चीनी कंटेंट क्रिएटर की असलियत सामने आई

**■ घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए**

**बीजिंग।** चीन की एक कंटेंट क्रिएटर का लाइव सेशन उस समय चर्चा में आ गया, जब उनके चेहरे पर लगा ब्यूटी फिल्टर अचानक बंद हो गया। कुछ सेकंड के लिए दर्शकों को उनका बिना फिल्टर वाला चेहरा दिखाई दिया। इस घटना के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसके बाद डिजिटल ब्यूटी स्टैंडर्ड और आनलाइन परफार्मेंस के दबाव को लेकर बहस तेज हो गई है।

वीडियो में दिखता है कि क्रिएटर सामान्य तरीके से लाइव सेशन होस्ट कर रही थीं। तभी अचानक फिल्टर हट गया। पहले जो चेहरा स्मूद, पोरसिंलेन जैसा और हल्के रंग का दिख रहा था, वह प्राख्रतिक टेक्सचर और सामान्य रंगत के साथ नजर आया। फिल्टर हटते ही उनकी आंखें छोटी और जालाइन कम शार्प दिखी। चेहरा पहले दिख रहे डाल जैसे लुक की बजाय आम लोगों जैसा नजर आने लगा। हालांकि यह बदलाव कुछ सेकंड का ही था। कुछ ही क्षण बाद फिल्टर फिर से एक्टिव हो गया। आंखें फिर बड़ी दिखने लगीं, चेहरे की शेप ज्यादा शार्प हो गई और त्वचा पहले जैसी साफ और चमकदार दिखने लगी। इस दौरान क्रिएटर ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। उन्होंने बाल ठीक किए, कैमरे की ओर मुस्कुराई और ऐसे ही लाइव जारी रखा, जैसे कुछ हुआ ही न हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब चीन में लाइव स्ट्रीमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। कई क्रिएटर डायिन जैसे प्लेटफार्म पर घंटों तक लाइव रहते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108